CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, बुधवार 21 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 291 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रमः राहुल गांधी पेज 2



ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13)



अशोक राठी ( फाइल फोटो )



विद्यावती ( फाइल फोटो )



अंजलि ( फाइल फोटो )



कार्तिक ( फाइल फोटो )



देव ( फाइल फोटो )

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -**शेष पृष्ठ दो पर**

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

- शीर्ष अदालत ने कहा: हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोली: निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

# सभी राज्यों की एसआईआर प्रोसेस अलगः चुनाव आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में जिनके नाम कटे हैं, अभी किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

एसआईआर की सुनवाई के दौरान आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे किसी एक मामले के तथ्यों को उठाकर उन्हें किसी दूसरे राज्य की एसआईआर प्रक्रिया पर लागू करना गलत होगा, क्योंकि हर जगह प्रक्रिया अलग रही है। आयोग ने जबरदस्ती जांच के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर पुलिस शामिल नहीं थी। केवल बीएलओ ने ही घर घर जाकर प्रक्रिया पूरी की है। एसआईआर सामान्य आदेश है, जो देशभर में लागू होता है, केवल असम इससे अलग है। एसआईआर में सिद्धांतों और दस्तावेजों का पूरा ढांचा पहले से तय किया गया है। मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन से जुड़े कानूनी प्रावधान पहले से मौजूद हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 326 और 1950 के कानून की धारा 19 मिलकर यह जिम्मेदारी तय करते हैं कि केवल भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए। एसआईआर इस धारणा पर आधारित नहीं है कि हर मतदाता से दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिन के नाम जून 2025 तक की पुरानी मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, अगर वे अपने माता-पिता के नाम से पहले की सूची से लिंक स्थापित कर देते हैं, तो उन्हें वैध माना जाएगा। केवल उन्हीं मामलों में 11 तय दस्तावेज मांगे जाएंगे, जहां ऐसा कोई लिंक उपलब्ध नहीं है, इनमें आधार कार्ड भी शामिल है। जून 2025 तक मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म जारी किए गए, जिससे 2002 की मतदाता सूची को भी प्रामाणिकता मिली। 20 साल बाद एसआईआर हुआ है, पहले की प्रक्रियाएं खुद से की गई घोषणा पर आधारित थीं व उनमें विशेष जांच नहीं होती थी।

- सुप्रीम कोर्ट में कहा: जिनके नाम कटे, उनकी शिकायतें नहीं मिलीं, सर्वे में केवल बीएलओ शामिल, पुलिस नहीं

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़


**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी। नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

## संक्षिप्त समाचार

### संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के दिनों में कमी चिंताजनक: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही में लगातार कमी और सत्रों के दौरान बढ़ते हंगामे पर चिता जताई है। उन्होंने कहा कि बार-बार व्यवधान के कारण जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपयोगिता पर नकारात्मक असर पड़ता है। मायावती ने लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विधानमंडलों के घटते कार्य समय पर गंभीर मंथन होना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष दोनों से अपील की कि सदनों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल संविधान व लो. कतंत्र के प्रमुख स्तंभ हैं और सरकार/कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने में इनकी भूमिका अहम है।

### जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता: फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डा. अब्दुल्ला ने कहा कि जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं।

# मेले के नाम पर मोटा कमीशन गटकने का खेल शुरू: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुद्दे पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के ्रमहाभ्रष्ट राजष में मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है।

यादव ने एक्स पर कहा कि मेला महाभ्रष्टाचारष की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन 'कमीशन खोरी' के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को कमिश्नर की जगह 'कमीशनर' नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि्रमेलाक्षेत्र के संजय का 'धृतराष्ट्र' कौन हैष, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया-सुनाया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था संभालने में कठिनाई हुई। इसी दौरान ज्योतिष पीठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भीड़ को देखते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। प्रशासन ने उनसे रथ से उतरकर पैदल चलने का आग्रह किया, लेकिन समर्थकों ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और हल्की झड़प की स्थिति बन गई। जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर संतो के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

### मेला प्राधिकरण ने अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने के प्रमाण

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय की नोटिस का हवाला देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। मेला प्रशासन द्वारा ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य न माने जाने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जवाब भी सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि शंकराचार्य वह है जिसे बाकी अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य मान्यता देते हैं।

# लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में राज्य सरकार ने वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जल्द ही लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम भी लागू किया गया है। हालांकि उन्होंने माना कि जन-जागरूकता की कमी के कारण इन नियमों का अभी तक अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम बनाना और उन्हें लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आम जनता का इन्हें अपने दैनिक जीवन में पालन करना उतना ही जरूरी है। यदि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्धयूपीडाञ्च से एक्सप्रेसवे पर होल्डिंग एरिया और डॉर्मिटरी (विश्राम स्थल) विकसित करने पर विचार करने को कहा है, ताकि लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों को सुरक्षित पार्किंग और ठहरने की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर ट्रॉमा सेंटर की कमी है। मंत्री ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर हर 100 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को निरंतर मिलता रहेगा, जिससे राज्य में संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी बधाई संदेश साझा करते हुए लिखा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में नितिन नबीन अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन के सफल और प्रेरणादाई कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

## रायबरेली मे गरजे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

# मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम

रायबरेली, वार्ता



■ कहा: किसी भी कीमत पर इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा, जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

दो दिवसीय दौरे में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली आए गांधी ने आज सांसद आवास मुंशीगंज में जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब दो करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान राहुल गांधी ने सांसद आवास पर सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वह नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह रोहनिया विकास खंड के उसरन गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में उपस्थित गरीबों, किसानों और मजदूरों से संवाद करते हुए उन्होंने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की उपेक्षा पर सवाल खड़े किए और इस महत्वपूर्ण योजना को समाप्त किए जाने के कथित प्रयासों का विरोध किया। इस दौरान राहुल गांधी के साथ अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### भारत का शहरी ढांचा ढह रहा है: राहुल गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गांधी ने मंगलवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के शहरी ढांचे के पतन का उदाहरण बताया और कहा कि देश में समस्या पैसे, तकनीक या समाधान की नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में युवराज मेहता की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि युवराज मेहता गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे और नोएडा में रहते थे। बीते शुक्रवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क के पास, घर से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर, उनकी कार (ग्रैंड विटारा) एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो बैठी और 20 फीट गहरे पानी से भरे्ग में गिर गई। इस हादसे में युवराज मेहता की मौत हो गई।



सेंसेक्स 82180.47
निफ्टी 25232.50



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी.50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप. 50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप. 100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के शेयरों टूट गए जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2. 89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2. 32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1. 54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

# रुपया सात पैसे टूटा ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया। यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91. 14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है। सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90. 90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी। पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है। रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91. 06 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90. 97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की नरमी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया कुल मिलाकर दबाव में रहा।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 22 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 27 रुपये और वनस्पति 22 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7780.62 रुपये, मसूर काली 8144.53 रुपये, मूंग दाल 10098.71 रुपये, उड़द दाल 10426. 77 रुपये, तुअर दाल 10631.73 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.95 रुपये और चावल 3853.58 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4292.83 रुपये और गुड़ 4986.12 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17571. 24 रुपये, मूंगफली तेल 17930.50 रुपये, सूरजमुखी तेल 16006.83 रुपये, सोया तेल 13783.71 रुपये, पाम ऑयल 12473.39 रुपये और वनस्पति 14464. 97 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# दस फरवरी के बाद भी नहीं रद्द होगी उड़ान, इंडिगो ने डीजीसीए को बताया

**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों की तैनाती में 'कुप्रबंधन' के कारण पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करने वाली निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को बताया है कि उसके पास 10 फरवरी तक पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध होंगे और 10 फरवरी के बाद उड़ानें रद्द नहीं होंगी। डीजीसीए में पिछली साप्ताहिक बैठक के दौरान इंडिगो ने सोमवार को बताया कि उड़ानों की मौजूदा मंजूर संख्या के लिए डीजीसीए की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित छूट हटा लेने के बावजूद 10 फरवरी को पायलट की उपलब्धता को देखते हुए उड़ानें रद्द नहीं होंगी। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एयरबस के 2,400 कमांड पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,280 पायलट की है। एयरबस के 2,240 को-पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,050 पायलट की है। विमानन नियामक ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडिगो ने डीजीसीए को आश्वस्त किया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं होगी। उसने कहा कि दिसम्बर में हुए संकट के बाद इंडिगो को छह दिसम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित दो नियमों में विशेष छूट दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

# खड़गे ने खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें फंटियर गांधी के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बाचा खान को शांति का प्रकाशस्तंभ बताया और कहा कि उनका जीवन और कार्य भारत तथा दक्षिण एशिया भर में लाखों लोगों को लगातार प्रेरित करता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता खान अब्दुल गफ्फार खान को शांति और अहिसा के आजीवन समर्थक के रूप में याद किया गया। श्री खरगे ने भारत की आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान और मानव गरिमा तथा सद्भाव के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को स्मरण किया। श्री खरगे ने यह भी बताया कि भारत रत्न से सम्मानित गफ्फार खान को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने सिद्धांतों के लिए बार-बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने पश्तून नेता के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रहे और संविधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुए। खड़गे ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि अहिंसा, सद्भाव और मानव गरिमा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती है और हमें उन साझा मूल्यों की याद दिलाती है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, वार्ता

■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंकराचार्य हैं या नहीं

माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अब प्रदेश की भाजपा सरकार खुद यह तय करने पर उतारू हो गई है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंक. राचार्य हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सनातन परंपरा का अपमान है, बल्कि धर्माचार्यों की गरिमा पर सीधा हमला भी है। एक ओर जगद्गुरु शंकराचार्य को नोटिस भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार और उसके नेता सनातन धर्म के नाम पर बड़े-बड़े भाषण देते नहीं थकते। यह साफ तौर पर सरकार की दो. हरी नीति को उजागर करता है। श्री राय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश और प्रदेश में सत्ता में बैठे लोग खुद को्रहिदू धर्म का रक्षकष बताते हैं, उसी शासन में एक प्रतिष्ठित धर्माचार्य की पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह रवैया न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि भारतीय परंपराओं के भी खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि धर्म का सम्मान केवल मंचों से भाषण देकर नहीं होता, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धर्म को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जब वास्तविक सम्मान की बात आती है, तो उसका चेहरा बेनकाब हो जाता है। अजय राय ने मांग की कि राज्य सरकार इस पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट करे और धर्माचार्यों के सम्मान से जुड़े किसी भी कदम से पहले सनातन परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं का ध्यान रखे। गौरतलब है कि माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में न्यायालईन आदेशों का हवाला देते हुए शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद का उल्लेख किया गया है और मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आयोजन, शिविर या गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित वाद और पूर्व में पारित आदेशों के तहत विवादित विषय से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन या प्रचार-प्रसार की अनुम. ति नहीं दी जा सकती।

# द्वारका में एएटीएस की कार्रवाई कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) की टीम ने अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी मोहित पहले से ही हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम से जुड़े कई मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार, एएटीएस द्वारका जिला की सतर्क टीम ने नियमित पेट्रोलिंग और गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। द्वारका जिले के डीसीपी के निर्देश पर अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीमों को लगातार अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसी कड़ी में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया।

यह टीम उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप, हेड कांस्टेबल सोनू और हेड कांस्टेबल मनोज कुमार की थी, जो इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, प्रभारी एएटीएस द्वारका के पर्यवेक्षण में और एसीपी/ऑपरेशंस की समग्र निगरानी में काम कर रही थी। टीम ने आरोपी मोहित (34) को धर दबोचा। आरोपी की पहचान मोहित पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई है, जो दिल्ली के जाफरपुर कलां थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव धांसा, जितियन पाना, फिरनी वाला रोड का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया, जिसे उसने अवैध रूप से रखा हुआ था। आरोपी मोहित का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम सहित चार से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी से इलाके में किसी बड़ी वारदात को टालने में मदद मिली है।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना द्वारका नॉर्थ में एफआईआर संख्या 17/26, दिनांक 11 जनवरी 2026, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## स्कूल के टॉयलेट में छात्र को मारने को टॉयलेट में छुपाई पिस्टल व कारतूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में एक पब्लिक स्कूल में छात्र पिस्टल लेकर आ गया,जिसको उसने टॉयलेट में छिपा दिया था। स्कूल अधिकारी को शक होने पर टॉयलेट की छानबीन के बाद पिस्टल और दस कारतूस जब्त किये। पुलिस ने मामला दर्ज करके छात्र को गिरफ्तार कर लिया। पिस्टल और दस कारतूस जब्त करके छात्र से हथियारों के सॉर्स के बारे में पता करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमन विहार पुलिस को इलाके में स्थित एक जानेमाने पब्लिक स्कूल से एक पीसीआर कॉल मिली थी। बताया गया कि छात्र के पास से पिस्टल और कारतूस मिले हैं,जिसको उसने टॉयलेट में छिपा दिये थे। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

18 साल के एक छात्र राजकुमार को एक पिस्तौल और दस कारतूस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया। जांच में पता चला कि स्कूल के एस्टेट ऑफिसर ने देखा कि राज कुमार दूसरी मंजिल पर टॉयलेट में एक चीज छिपाने की कोशिश कर रहा था। देखे जाने पर, वह टॉयलेट से बाहर निकला और बाद में एस्टेट ऑफिसर ने उसे स्टेज के पास पकड़ लिया। उसके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। राज कुमार को प्रिंसिपल के सामने पेश किया गया, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। छात्र राजकुमार से पूछताछ करने पर पता चला कि उसकी दूसरे छात्र से निजी दुश्मनी के कारण वह हथियार ले जा रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय रहते वारदात के बारे में पता चल गया और किसी छात्र की जान भी बच गई।

# गणतंत्र दिवस पर गूंजेगी वंदे मातरम की धुन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भी बजेगा। भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड की वर्षों पुरानी परंपरा में बदलाव किया है। कर्त्तव्य पथ पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड का आगाज और समापन के लिए 150 साल पुराने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को चुना है। खास बात यह है कि परेड में सबसे आगे 200 लोक और जनजातीय कलाकार वाद्य यंत्रों पर वंदे मातरम की धून सुनाएंगे तो समापन में 2,300 कलाकार वंदे मातरम पर लोकनृत्य पेश करेंगे।

भारत सरकार ने, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ संगीत नाटक अकादेमी की अध्यक्ष, डॉ संध्या पुरेचा को वंदे मातरम कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। देशवासी और दुनिया, कर्त्तव्य पथ से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम जो, एक तराना से जो आंदोलन बन गया को सुनेंगे। इसीलिए परेड का आगाज वंदे मातरम के मूल गीत वाद्य यंत्रों पर सुनाई देगा। देश के हर कोने से लोक व जनजातीय कलाकार अपनी पारंपरिक वेशभूषा में अपने वाद्य यंत्रों पर वंदे मातरम के मूल गीत को बजाएंगे। समापन पर, लोक कलाकार वंदे मातरम की धून पर लोकनृत्य पेश करेंगे। अभी तक गणतंत्र दिवस परेड की शुरुआत सेना से होती थी। वंदे मातरम थीम को क्रिएटिव संध्या पुरेचा हैं। जबकि संगीत एमएम कीरवानी, स्क्रिप्ट सुभाष सहगल, कारियोग्राफर संतोष नायर हैं।इस वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में जम्मू-कश्मीर की 26 वर्षीय असिस्टेंट कमांडेंट सिमरन बाला एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। वह कर्तव्य पथ पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 140 से अधिक पुरुष जवानों के मार्चिंग दस्ते का नेतृत्व करेंगी। अधिकारियों के अनुसार, ऐसे कई मौके आए हैं जब महिला सीआरपीएफ अधिकारियों ने अलग-अलग गणतंत्र दिवस टुकड़ियों को कमांड किया है, लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला अधिकारी सीआरपीएफ के पुरुष दस्ते की कमान संभालेगी।

## वेस्ट रीजन में डीटीसी बसों के रूट रेशन लाइजेशन की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वेस्ट रीजन के लिए नया रूट रेशनलाइजेशन लागू करने की शुरुआत की है। यह एक्सरसाइज दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) द्वारा किया गया है, जिसका मकसद लास्ट माइल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाना, सार्वजनिक परिवहन सेवा की विश्वसनीयता को बढ़ाना और राजधानी दिल्ली में बस यात्रियों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुविधाएं प्रदान करना है। नया रूट रेशनलाइजेशन स्ट्रक्चर 21 जनवरी से लागू हो जाएगा। यह पहल ट्रांसपोर्ट यमुना रीजन में सफल रूट रेशनलाइजेशन के बाद लागू की जा रही है, जिसके बाद अगला चरण नॉर्थ जोन में शुरू होगा। वेस्ट रीजन में यह रूट रेशनलाइजेशन ऐसे समय में लागू किया जा रहा है, जब वैधानिक दिशानिर्देशों के अनुसार 15 वर्ष पुरानी डीटीसी की सीएनजी लो-फ्लोर बसों को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है।

# साकेत से पुल प्रहलादपुर तक बनेगा आधुनिक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की वित्त व्यय समिति ने दक्षिण दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना के तहत, एमबी रोड पर साकेत जी-ब्लॉक से पुल प्रह्लादपुर तक 6-लेन का एकीकृत एलिवेटेड रोड व दो अंडरपास भी बनेंगे। इनके निर्माण से दक्षिण दिल्ली के लोगों को लंबे समय से जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। यह परियोजना न केवल यातायात के दबाव को कम करेगी, बल्कि आवागमन का समय भी उल्लेखनीय रूप से घटाएगी। परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना पर करीब 1471.14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित वित्त व्यय समिति की इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। बैठक में परियोजना की तकनीकी, वित्तीय और संरचनात्मक रूपरेखा पर विस्तार से विचार- विमर्श के बाद इसे स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह परियोजना दक्षिण दिल्ली के यातायात नेटवर्क को अधिक सुव्यवस्थित और सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम सिद्ध होगी। करीब पांच किलोमीटर लंबी यह परियोजना दो भागों में बनेगी। पहला एलिवेटेड रोड साकेत जी ब्लॉक से संगम विहार तक होगा।

## निर्वाचन से पूर्व नितिन नबीन ने विभिन्न धर्म स्थलों में पूजा अर्चना की

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन की घोषणा से पूर्व नितिन नबीन ने प्रात: विभिन्न धर्म स्थलों में पूजा अर्चना की। नितिन नबीन के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख आदि ने भी सबसे पहले शक्ति की देवी 'माता झंडेवाली' के झंडेवालान स्थित मंदिर जा कर प्रार्थना की तत्पश्चात मंदिर मार्ग स्थित श्री बालमिकी मंदिर में, बाबा खडगसिंह मार्ग सिंह प्राचीन हनुमान मंदिर एवं श्री गुरुद्वारा बंगला साहिब जा कर प्रार्थना की।



भाजपा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन से पूर्व नितिन नबीन पूजा अर्चना करते हुए।

## एक नजर

### अपराधियों के हौसले हुए बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नारायण इंडस्ट्रियल एरिया के रेलवे ट्रैक के पास की झुग्गियों में 26 वर्षीय रवि को दस से 12 बदमाशों ने हथियारों के बल पर रोक कर उसे लूट लिया । जब रवि ने विरोध किया तो बदमाशों ने हवाई फायर कर रिवाल्वर की बट से उसके सर पर हमला कर दिया और चाकू मार कर घायल कर दिया और मोके से फरार हो गए । जब रवि ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाया तब पुलिस ने तुरंत वहां पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया ।इस दौरान हॉस्पिटल में पीड़ित ने बताया की पुलिस ने उसकी शिकायत में कहीं पर भी हथियारों का जिक्र नहीं किया है और उसके बयान को तोड़ मरोड़ कर उनकी एफआईआर लिखी है । जहां कहीं पर भी रिवाल्वर के खाली कारतूस का जिक्र तक नहीं किया गया है । रवि का कहना है कि मैं कुछ बदमाशों को पहचानता भी हूं । यह बदमाश पहले भी मेरी रेकी कर चुके हैं और मेरी जान को खतरा है मुझे अभी भी लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है।

### भाव-स्वभाव परिवर्तन क्रांति का प्रेरणादायक आयोजन

**नई दिल्ली।** नववर्ष के पावन अवसर पर मानव जीवन में स्थायी, सकारात्मक और भाव स्वभाव परिवर्तन का संदेश देते हुए सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा सतयुग दर्शन वसुंधरा परिसर में "भाव-स्वभाव परिवर्तन क्रांति" कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में सतयुग दर्शन ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित सभी संस्थानोंख्रसतयुग दर्शन विद्यालय, सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, सतयुग दर्शन इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा सतयुग दर्शन इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च में अध्ययनरत विद्यार्थियों व उनके अभिभावक उत्साहपूर्वक शामिल हुए । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजेश सिंह (डीजीएमख्रएचआर, शाही एक्सपोर्ट्स), राजपाल (जनरल मैनेजर, सूरजकुंड), कमलेश शास्त्री (मंडल बाल विकास अधिकारी), डॉ. जयश्री चौधरी (निदेशक, उड़ान आईएएस संस्थान), राजेश चंद जी (उप अधीक्षक, जिला शिक्षा कार्यालय, फरीदाबाद) एवं प्रवेश कटारिया जी (खंड शिक्षा अधिकारी, फरीदाबाद) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सतयुग दर्शन ऐप के माध्यम से भी किया गया, जिससे दूरस्थ दर्शकों ने भी इस प्रेरणादायक पहल से जुड़कर लाभ प्राप्त किया।

### एलएलडीआईएमएस में होगा 'अनुगूंज प्रीलिम्स 2026' का सांस्कृतिक उत्सव

**नई दिल्ली।** लिंग्याज ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (एलएलडीआईएमएस), गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के जीवंत और युवा-केंद्रित 'वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अनुगूंज' के लिए 21 से 23 जनवरी 2026 तक दिल्ली स्थित अपने परिसर में 'अनुगूंज प्रीलिम्स 2026' के रूप में एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगा। प्रारंभिक चरण के प्रमुख आयोजन स्थलों में से एक के रूप में, एलएलडीआईएमएस में विश्वविद्यालय से संबद्ध 29 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे, जिससे परिसर रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और युवा ऊर्जा का केंद्र बन जाएगा। प्रतिभागी लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, वाद-विवाद, कहानी-कथन, कोलाज निर्माण, शास्त्रीय गायन (एकल एवं युगल), समूह गीत, तात्कालिक चित्रकला, कार्टून निर्माण, कविता पाठ, रंगोली प्रतियोगिता, बैटल ऑफ बैंड्स, एकांकी नाटक, मोनो एक्टिंग तथा अन्य नाट्य प्रस्तुतियों सहित अनेक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों को जल्द मिलेगी लंबित पेंशन, वित्त विभाग से मिली विशेष स्वीकृति

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जिन वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन के रूप में मिलने वाली आर्थिक सहायता के भुगतान में पिछले कुछ महीनों से तकनीकि एवं प्रशासनिक कारणों के चलते विलंब हुआ था। उन्हें अगले कुछ दिनों में पेंशन का भुगतान शुरू हो जायेगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिशा निर्देशों और समाज कल्याण मंत्री के विशेष प्रयासों पर समाज कल्याण विभाग को वित्त विभाग से विशेष स्वीकृति मिल गई है और इसी हफ्ते वरिष्ठ नागरिकों को लंबित पेंशन जारी हो जाएगी। लाभार्थियों को उनकी पूरी रुकी हुई पेंशन मिलेगी। दिल्ली में 04 लाख 35 हजार से अधिक ओल्ड एज पेंशन लाभार्थी हैं। इनमें कुछ लोगों की पेंशन प्रभावित हुई है। अन्य सभी लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान लगातार किया जा रहा है। इसे लेकर मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह की ओर से विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं और सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जा रहा है।

# चाकू मारने की धमकी देकर ढाई लाख की लूट

**▪ वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों विजय विहार के रहने वाले शिवम,सुधांशु और रोहित के रूप में हुई है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बीते बुधवार रात को बाइक सवार बदमाशों ने एक स्कूटी चालक को टक्कर मारकर ढाई लाख रुपये लूट लिये थे।

वारदात सीसीटीवी कैमरों में भी दिखाई दी थी। वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों विजय विहार के रहने वाले शिवम,सुधांशु और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने लूट की रकम और वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार रात करीब सवा दस बजे शाहबाद डेयरी को पीडिघ्त प्रशांत कुमार ने लूट होने की पीसीआर कॉल की थी। पुलिस पॉकेट-2 सेक्टर-25 रोहिणी पहुंची। शिकायतकर्ता प्रशांत ने बताया कि पिछले करीब छह साल से विजय विहार में वह रिटेल तम्बाकू बेचने की दुकान चलाया करता है। सवा दस बजे जब वह दुकान बंद करके बाइक से अपने घर जा रहा था। बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसको जबरन रोकने की कोशिश की। जब वह नहीं रूका,बदमाशों में से एक ने उसकी बाइक में धक्का मारकर उसको सड़क पर गिरा दिया। जबकि दो बदमाशों ने बाइक से उतरकर जब बैग लूटने की कोशिश की। उसने विरोध किया। चाकू मारने की धमकी देकर उसका बैग लूटा और बाइक से साथी के साथ फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी जोगिन्द्र सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश मालिक के निर्देशन में हेड कांस्टेबल अनुरुद्ध सेन,सुधीर और ब्रिजेश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया।

पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आने जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें वारदात होते हुए दिखाई दी। पुलिस ने बदमाशों का रूट पता करने के लिये सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की । पुलिस ने कई संदिग्धों से भी पूछताछ की और उनकी लोकेशन पता करने की कोशिश की। एक पुख्ता जानकारी के बाद तीनों आरोपियों को उनके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल बाइक और लूट की रकम जब्त कर ली।

पूछताछ करने पर पता चला कि रोहित पहले भी एक वारदात में शामिल रहा है। वारदात के बाद आरोपियों ने बाइक की चाबी और चाकू नाले में फैंक दिया था। जिसको बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

तीनों आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान के आसपास ही रहते हैं। तीनों को उसकी आने जाने की गतिविधियों के बारे में जानकारी थी। योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया था।

# अयप्पा मंदिर में चोरी रिसीवर समेत पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नॉर्थ रोहिणी इलाके में स्थित अयप्पा मंदिर में पीतल और तांबे आदि की मूतियां चोरी होने की वारदात में पुलिस ने रिसीवर समेत दो आरोपियों नाहरपुर गांव के रहने वाले राकेश मेहता और मनीष गुप्ता को गिरफ्तार किया है,जिनके कब्जे से पीतल और तांबे की चोरी की गई सभी कलाकृतियां बरामद की हैं। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को अयप्पा मंदिर ट्रस्ट, सेक्टर-7, रोहिणी के संयुक्त सचिव एम के सुरेश ने पुलिस को बताया था कि जब सुबह मंदिर खोलते समय उन्होंने पाया कि भगवान की मूर्ति के पास रखी तांबे और पीतल की कलाकृतियां चोरी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ अमित कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। कई संदिग्धों से भी पूछताछ की। आरोपी राकेश महतो की पहचान करने के बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी करके उसको पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले रिसीवर मुनीम गुप्ता को उसकी दुकान से गिरफ्तार करके चोरी का सामान भी जब्त कर लिया।




हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम कर्मियों को राजभाषा रत्न सम्मान प्रदान करतीं निगम स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा।

# जमात-ए-इस्लामी ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए वित्त मंत्रालय को रचनात्मक सुझाव सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात- ए- इस्लामी हिंद, ने वित्त मंत्रालय भारत सरकार को एक विस्तृत सुझाव सौंपा है, जिसमें यूनियन बजट 2026-27 के लिए निति-निर्धारित सुझाव दिए गए हैं। ये सुझाव रोजगार बढ़ाने, धन के वितरण को बेहतर बनाने और मांग-आधारित विकास को मजबूत करने पर केंद्रित हैं।

जमात-ए-इस्लामी हिंद ने एक बार फिर सरकार के सामने सबूतों पर आधारित और नतीजों पर केंद्रित सिफारिशें पेश की हैं जिसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक असंतुलन को दूर किया जा सके। ये सुझाव भारत के हालिया आर्थिक प्रदर्शन के एक बड़े नीतिगत संदर्भ में है। हालांकि देश ने लगातार सकल घरेलू उत्पाद (ळक्च) के विकास, बढ़ते वित्तीय बाजार और बढ़ती कॉर्पोरेट लाभप्रदता के रूप में धन सृजन करने की मजबूत क्षमता दिखाई है, लेकिन ये फायदे समान रूप से दौलत के बंटवारे या पर्याप्त रोजगार पैदा करने में प्रवर्तित नहीं हुए हैं।

आय और धन-संग्रह के संकेतक, साथ ही विकास की कमजोर रोजगार लचीलापन और ज्यादा युवा बेरोजगारी राजस्व सुधार की जरूरत को रेखांकित करते हैं। भोजन, स्वास्थ्य सेवा, आवास और शिक्षा जैसी जरूरी चीजों पर बढ़ते घरेलू खर्च ने खपत और घरेलू मांग को और सीमित कर दिया है। इस पृष्ठभूमि से सुझावों में राजकोषीय नीति बनाने में रोजगार के नतीजों को साफ तौर पर शामिल करने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसमें बड़े सार्वजनिक खर्चों और इंसेंटिव के श्रम-प्रभाव का आकलन करने के लिए संस्थागत तंत्र का प्रस्ताव है, साथ ही क्लाइमेट- रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी सेवाओं और संरक्षण कार्य पर केंद्रित लक्षित शहरी रोजगार पहल भी शामिल हैं। ग्रामीण इलाकों के लिए सुझावों में गैर-कृषि रोजगार के लिए जिला-स्तरीय, जगह-आधारित दृष्टि कोण की वकालत की गयी है जो स्थानीय आर्थिक ताकतों पर आधारित हो और आधारभूत संरचना, खरीद और स्थानीय भर्तियोंसे जुड़े रियायती वित्त के जरिए समर्थित हो।

## 80-वर्षीय महिला के पेट से 10 किलो का ट्यूमर निकाला

**नई दिल्ली।** डॉ. अर्चित पंडित, डायरेक्टर ख्र सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला के नेतृत्व में अस्पताल की मल्टीडिसीप्लीनरी टीम ने, जिसमें डॉ. विनीत गोयल, कंसल्टेंट-सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला, डॉ. कुशल बैरोलिया, कंसल्टेंट- सर्जिकल ओंकोलॉजी एंड जीआई सर्जरी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला, तथा डॉ मंजू, सीनियर कंसल्टेंट, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला भी शामिल थे, 80-वर्षीय महिला के पेट से बेहद बड़े आकार का ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की है। यह ट्यूमर, जो कि लिपा. सारकोमा कहलाता है, एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर होता है और फैटी टिश्यूज में पनपता है। उक्त महिला मरीज के पेट में इसका आकार काफी बड़ा हो चुका था और उनके पेट में गहरे घुसा था। इसकी वजह से मरीज के गुर्दे, बड़ी आंत, मूत्राशय और गर्भाशय समेत कई महत्वपूर्ण अंगों पर दबाव बढ़ गया था। मरीज की अधिक उम्र, पहले से अनेक अन्य रोगों की मौजूदगी और सर्जरी की अत्यधिक जटिलता के बावजूद, अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने इस ट्यूमर को निकालने में कामयाबी हासिल की। सर्जरी के 12 दिनों के बाद मरीज को स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

## हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम कर्मियों को राजभाषा रत्न सम्मान प्रदान किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने आज निगम मुख्यालय स्थित अरुणा आसफ अली सभागार में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर मातृभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम कर्मियों को राजभाषा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, उपायुक्त राकेश कुमार सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की आन बान और शान है। उन्होंने कहा कि हमारी भावनाएं हिंदी में ज्यादा अच्छी तरह से प्रकट होती हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि हिंदी में बहुत मिठास है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहे वो किसी भी प्रांत का हो वो अपनी मातृभाषा में बात करने में गर्व महसूस करता है इसीलिए हमें भी हिंदी बोलने में गर्व होना चाहिए। सत्या शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी भी हिन्दी में भाषण देते हैं। हिंदी को ऊंचाई पर ले जाने की हमारी भी जिम्मेदारी है।

## 65वीं केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक को संबोधित करेंगे पीयूष गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) आज 21 जनवरी 2026 को एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, आईसीएआर, पूसा, नई दिल्ली में 65वीं केंद्रीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम बोर्ड (सीजीपीबी) की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय मंत्रालयों, यों राज्य सरकारों, रों उद्योग, शिक्षा जगत और खनन क्षेत्रों के प्रमुख हितधारक भूवैज्ञानिक- प्रगति, खनिज अन्वेषण रणनीतियों और स्वच्छ ऊर्जा, भू-खतरों एवं सतत विकास सहित चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर होंगेहों गे।

केंद्रीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम बोर्ड (सीजीपीबी) खान मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके अंतर्गत जीएसआई के वार्षिक क्षेत्र सत्र कार्यक्रम (एफएसपी) पर चर्चा की जाती है और कार्यों के दोहराव से बचा जाता है। सीजीपीबी के सदस्य और अन्य हितधारक जैसे राज्य सरकारें, केंद्र/राज्य सरकार की खनिज अन्वेषण एजेंसीयां, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और निजी उद्यमी जीएसआई के साथ सहयोगात्मक कार्य के लिए अपने अनुरोध प्रस्तुत करते हैं।

## 27 जनवरी को खुलेगा केएमसीएल का इश्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंजीनियर्ड स्टील फाइबर और इंडस्ट्रियल फ्लोरिंग सॉल्यूशंस की निर्माता व प्रदाता कंपनी कस्तूरी मेटल कंपोजिट लिमिटेड (केएमसीएल) ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति इक्विटी शेयर 61-64 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। आईपीओ 27 जनवरी, 2026 को खुलेगा और 29 जनवरी, 2026 को बंद होगा। एंकर पोर्शन 23 जनवरी, 2026 को खुलेगा। यह आईपीओ बुक-बिल्डिंग रूट के जरिए 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 27.52 लाख इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू है। प्राइस बैंड के ऊपरी सिरे पर इश्यू का आकार 17.61 करोड़ रुपए तक है।

ऑफर डॉक्यूमेंट में दिए गए विवरण के अनुसार, आईपीओ से प्राप्त राशि का एक बड़ा हिस्सा महाराष्ट्र के अमरावती में नई मैन्युफैक्चरिंग इकाई स्थापित करने हेतु पूँजीगत व्यय (कैपेक्स) में उपयोग करने का प्रस्ताव है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# आईटीएस में एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर किया गया मॉड्यूल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे। यह कोर्स एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करना है।



इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आर एस, प्रोफेसर, प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज, चेन्नई, सचिव एस्थेटिक्स डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आईएसीडीई के मानद महासचिव और डॉ शिशिर सिंह, एडिटर एंड चीफ, जनरल ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री, डीन प्रोफेसर और एचओडी, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग, टेरना डेंटल कॉलेज, नवी मुंबई थे, जिनके पास एस्थेटिक्स डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान है और वह नियमित रूप से इस तरह के पाठ्यक्रम संचालित कर रहें है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के सिद्धांतों और प्रथाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को बायोमेटिक सिद्धांतों, इनले, ओनले और फोटोग्राफी पर व्याख्यान तथा डेमोन्ट्रेषन और हैंड्स-ऑन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिसमें मुख्य रूप से बायोमीमेटिक सिद्धांत, अप्रत्यक्ष समग्र, अप्रत्यक्ष बहाली का सीमेंटेशन और फोटोग्राफी शामिल थे।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को उन्नत करना तथा उन्हें एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों के साथ सशक्त बनाना था। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा वक्ताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेंटिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## केमिकल फैक्ट्री में अचानक लगी आग



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र स्थित मोहनगर चौराहे पास लोनी रोड औद्योगिक क्षेत्र के हर्षा कंपाउंड की एक केमि फैक्ट्री में मंगलवार शाम भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की तरफ से सात फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। इसके अलावा पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। हर्षा कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एएमएक्स मेडिकल सिस्टम नामक केमिकल की फैक्ट्री में आग लगी है। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

# नवयुवक सामाजिक संस्था द्वारा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नवयुवक सामाजिक संस्था द्वारा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीके शर्मा हनुमान ने किया सम्मान समारोह में की अध्यक्षता नवयुग समाजिक संस्था के अध्यक्ष ठाकुर हर्ष रघुवंशी व कोषाध्यक्ष अनुज त्यागी द्वारा की गई।

गाजियाबाद सम्मान समारोह में आयोजित का उद्देश्य सभी समाज के धार्मिक राजनीतिक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े विभिन्न सामाजिक कार्य करने हेतु एवं उनके उत्कृष्ट कल्याणकारी समाज में योगदान के लिए संस्था ने सम्मान दे कर संबोधित किया।

इस अवसर पर नवयुग सामाजिक संस्था द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद विधायक पार्षद तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं स्वयंग सेवको को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के इस अवसर पर नई उमंग सामाजिक संस्था के बच्चों द्वारा संस्कृत वंदना प्रस्तुति कर सभी का दिल मोह लिया गौरव सम्मान के इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीके शर्मा हनुमान व डॉक्टर स्वामी चित्रगुप्त सच्चिदानंद महाराज संजीव शर्मा शहर विधायक, अमित जानी डायरेक्टर वे अध्यक्ष नवनिर्माण सेना उत्तर प्रदेश अतिथियों में विनोद कुमार सिंह सुनीता सिंह चंद्रग्रहण चंद्र राम सिंह, राम यादव, खुशबू, गौ रक्षा दल के पवन भाई, लाइफ सेवर एनजीओ अध्यक्ष डॉ मोबीन, तनुज जैन, अरशद सैफी, गौरव कुमार, मिस तन्नू आदि उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद स्टेशन पर कई ट्रेन पहुंचीं देरी से यात्री हुए परेशान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्टेशन पर ट्रेन के लेट से आने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कलिंगा उत्कल, टाटानगर एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेन के देरी से आने से यात्रियों को अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा। खराब मौसम के कारण पिछले कुछ समय से सुपर फास्ट से लेकर एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन देरी से आ रही है। मंगलवार को भी लंबी दूरी की ट्रेन के साथ लोकल ट्रेन निर्धारित समय से देरी से पहुंची। कलिंगा उत्कल चार घंटे, दिल्ली-टुंडला मेमू एक घंटे, टाटानगर एक्सप्रेस भी एक घंटे लेट आई। इसके अलावा सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, गोल्डन टेंपल मेल 40 मिनट लेट आई।

# एसडीएम ने दिया बीएलओ को प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सोमवार को विधानसभा 57 मोदीनगर जनपद गाजियाबाद के समस्त बीएलओ सुपरवाइजर को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) अजीत कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

1- बीएलओ से फॉर्म 6 त्रुटिरहित भरने के लिए वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।
2- किसी भी मतदाता का मकान नम्बर शून्य न रहे, फोटो शुद्ध हो, नाम मे कोई त्रुटि न रहे, इसके लिए अधिक से अधिक फॉर्म 8 भरने के लिए निर्देशित किया गया।
3- SIR में No मैपिंग मतदाता को समय से नोटिस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।
4- विधानसभा 57 मोदीनगर मे नोटिस की सुनवाई 4 स्थानों पर होगी।

1- तहसील मोदीनगर
2- खण्ड विकास कार्यालय भोजपुर
3- नगर पंचायत निवाड़ी
4- खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोजपुर

इन स्थानों पर सभी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुनवाई करेंगे।

## पार्षद संतोष राणा ने नितिन नवीन को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई व शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वार्ड 55 के पार्षद संतोष राणा के द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पार्षद संतोष राणा ने कहा कि आपका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती और दिशा प्रदान करेगा। हम सभी कार्यकर्ताओं को आपसे बहुत उम्मीदें हैं।



## लोनी में तीन स्थानों पर लगाया गया टीकाकरण शिविर

**लोनी।** अमित विहार कॉलोनी में खसरा के मरीज मिलने के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने तीन शिविर लगाकर बच्चों को टीके लगाए। कुल 402 बच्चों को खसरा की अतिरिक्त डोज लगाई गई। इससे पहले सोमवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन और विभागीय टीम ने 600 घरों का सर्वे किया था। जनवरी महीने में राहुल गार्डन पीएचसी के क्षेत्र अमित विहार कालोनी में खसरा के दो केस मिले हैं। इनमें एक बच्चे की उम्र सात साल और दूसरे बच्चे की उम्र 10 साल है। इसको देखते हुए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डब्ल्यूएचओ की देख रेख में अमित विहार कॉलोनी में तीन स्थानों पर शिविर लगाए।

# सड़कों और घरों के बाहर कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर लगाया जाएगा जुर्माना

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की सफाई टीम ने अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत सड़कों, घरों के बाहर और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत मोहन नगर जोन से की जा रही है, जिसके बाद इसे इंदिरापुरम और वैशाली जोन में भी लागू किया जाएगा। नगर निगम लगातार शहर को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रयास कर रहा है। नियमित रूप से घर-घर कूड़ा संग्रहण की

**नगर निगम लगातार शहर को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रयास कर रहा है**

व्यवस्था होने के बावजूद ट्रांस हिंडन क्षेत्र के कई इलाकों में गंदगी की समस्या बनी हुई है।

सड़कों के किनारे, नालियों, नालों, ग्रीन बेल्ट और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने से न केवल क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा क्षेत्र में प्रतिदिन कूड़ा गाड़ी भेजी जाती है, ताकि लोगों को कूड़ा निस्तारण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी करते हुए घरों के बाहर या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैला रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इंदिरापुरम, वैशाली और मोहन नगर जोन को अभियान के पहले चरण में शामिल किया गया है। अभियान के दौरान सफाई टीम सुबह और शाम दोनों समय क्षेत्रों में निगरानी करेगी। कूड़ा सड़क पर फेंकते, घर के बाहर जमा करते या खुले में फैलाते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## मसूरी के एक इंटर कॉलेज में खाना खाने के बाद बिगड़ी 13 छात्राओं की सेहत, अब सभी स्वस्थ

**गाजियाबाद।** मसूरी क्षेत्रांतर्गत के गांव निडौरी के जय प्रकाश गर्ल्स इंटर कॉलेज में रविवार को खाना खाने के बाद 13 छात्राओं को उल्टी, पेट-दर्द व घबराहट होने की शिकायत से हड़कंप मच गया था, बच्चियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना में भर्ती कराया गया था, जहां से उपचार के बाद छात्राओं को स्कूल भेज दिया गया। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने स्कूल में कैंप लगाकर छात्राओं का परीक्षण किया, जिसमें सभी छात्राएं बिल्कुल स्वस्थ हैं और सभी ने प्री बोर्ड की परिक्षा भी दी। जय प्रकाश गर्ल्स इंटर कॉलेज निडौरी मसूरी की प्रधानाचार्य वंदना यादव ने बताया कि सभी छात्राएं बिल्कुल स्वस्थ हैं और सभी छात्राओं ने मंगलवार को प्री बोर्ड की परीक्षा भी दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डासना के इंचार्ज डॉ. प्राची पाल ने बताया कि मंगलवार को सीएचसी से चिकित्सक डॉ. आशुतोष, डॉ. गरीमा, स्टाफ नर्स पूनम तथा फार्मासिस्ट सचिन को भेजकर छात्राओं का चेकअप कराया गया है, सभी छात्राएं बिल्कुल स्वस्थ हैं और सामान्य हैं। फूड प्वाइजनिंग जैसी कोई शिकायत नहीं दिख रही है, सभी छात्राओं का खाना स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया जाता है, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सविता ने बताया कि रविवार को मटर पनीर, पूड़ी, सब्जी व खीर बनाई गई थी, जिसको सभी छात्राओं ने खाया था। प्रधानाचार्य वंदना यादव ने बताया कि कुछ छात्राओं को उनके परिजन घर ले गये हैं हालांकि छात्राएं बिल्कुल ठीक हैं।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर 23 संजय नगर में 36वा स्थापना दिवस समारोह जीएफपीएस सिंफनी, द स्कूल फेट के रूप में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर अंजनी कुमार सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय के भौतिक विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है।

ग्रीन फील्ड विद्यालय के भूतपूर्व छात्रा वैशाली तोमर टैक्सास अमेरिका राज्य में ग्रुप मैनेजर के रूप में कार्यरत है विद्यालय के संस्थापक पृथ्वी सिंह प्रधानाचार्य सुनीता अग्निहोत्री द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में खुशी व उत्साह का माहौल बना रहा।




मेले में अध्यापिकाओं मैं अपनी कला की योग्यता भी दिखाते हुए विभिन्न तरह के भोजन के स्टाल लगाए जिनमें बिरयानी, ढोकला, समोसा, ब्रेड पकौड़ा, चाकलेट, गोलगप्पे इत्यादि। जिनके बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। वही अध्यापकों ने विभिन्न रोमांचक खेलों के स्टाल में लगाए जिम फ्लिप द बॉटल, एयर स्टेक चौलेंज, कैसम कॉर्नर इत्यादि जैसे खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए तरह-तरह का आयोजन किया गया बच्चों ने सभी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के संस्थापक ने संस्था के गौरवशाली इतिहास एवं शैक्षिक उपलब्धियां की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने एवं अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# फरवरी में अवार्डी खिलाड़ी होंगे सम्मानित: चौ. नीरपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंबेडकर रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक के कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने अपने-अपने खेलों में पदक प्राप्त किए हैं।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आगामी फरवरी माह के मध्य में लगभग 51 अवार्डी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।



चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ की पूरी टीम ग्रामीण अंचलों में सर्वे कर उन गरीब परिवारों के बच्चों की सहायता करेगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण खेलों में आगे नहीं बढ़ पाते। उन्होंने कहा कि गांवों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बल्कि संसाधनों की कमी है। इस कमी को राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ सरकार एवं स्वयं के प्रयासों से पूरा करने का कार्य करेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक, खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, राजीव मुंडेलवाल, जिला सचिव दिनेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ),**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं०- 134 सन्-2025**
**( कम्प्यूटर नं० 425 / 2025 )**

रचना तोमर पुत्री अशोक कुमार सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह उम्र करीब 44 वर्ष निवासनी एस-1 प्लाट 530, नीति खण्ड-1 इन्दिरापुरम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201014. आधार नंबर 2905 1727 6382.

....प्रार्थी/वादी

**बनाम**

रिलायंस निप्पोन लाइफ जीवन बीमा कम्पनी यूनिट नंबर 20, 21, 22, 24 व 25 वेव सिल्वर टावर प्लाट नंबर डी- 5 छठी मंजिल पॉकेट डी सैक्टर-18 नोएडा उत्तर प्रदेश-201301

...प्रतिवादी/विपक्षी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री रचना तोमर, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 15,00,000/- रूपये स्व0 अशोक कुमार सिंह के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 16.02.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 18.11.2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। लगभग 15,00,000/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी०डि० ) गाजियाबाद**

## रहस्यमयी बुखार से महिला की मौत

**गाजियाबाद।** मंगलवार को सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में तीन हजार से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इमरजेंसी में पहुंचे दो मरीजों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इनमें एक महिला की मौत रहस्यमयी बुखार और दूसरे मरीज की मौत लिवर की बीमारी से बताई जा रही है।

एमएमजी अस्पताल में मंगलवार को कुल 2288 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 1084 महिला, 805 पुरुष और 399 बच्चे उपचार के लिए आए। इमरजेंसी में 56 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें चरन सिंह कालोनी विजयनगर निवासी 24 वर्षीय महिला गुडिया भारती को रात पौने 11 बजे इमरजेंसी में लाया गया।

**इसी तरह संयुक्त जिला अस्पताल में 802 मरीजों ने पंजीकरण कराया**

महिला के पति शिवम ने बताया कि पत्नी को कई दिनों से बुखार चल रहा था और उसका इलाज चल रहा था। रात तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसी तरह संयुक्त जिला अस्पताल में 802 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इमरजेंसी में मधुबन बापूधाम निवासी 37 वर्षीय रोहित गौतम को लिवर की समस्या के लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इनमें महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीपीएस मोदीनगर में 'कॉन- ओ-मेनिया' का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर के फाउंडेशन विंग द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत 19 जनवरी 2026 को दो दिवसीय विशेष खेल आयोजन 'कॉन- ओ-मेनिया' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 19 एवं 20 जनवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्री-नर्सरी से कक्षा 2 तक के नन्हे विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रो-वाइस चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं विशिष्ट अतिथि अनिशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और भी



बढ़ा दिया। इस अवसर पर अनिशा गांधी ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक दक्षता, संतुलन, समन्वय, गति, मानसिक सतर्कता एवं मोटर स्किल्स का विकास करना रहा। गतिविधियों को तीन आकर्षक ट्रैक्स में विभाजित किया गया, जिनमें रंग पहचान आधारित कोन गति. विधियाँ, समयबद्ध दौड़, हॉप एंड पिक जैसी संरचित खेल क्रियाएँ शामिल रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने सीखते-सीखते खेल का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने कहा कि इस प्रकार के सुनियोजित खेल आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की सुदृढ़ नींव रखते हैं। हेड मास्टर अंकित गलियान ने आयोजन की सुव्यवस्थित योजना एवं शिक्षकों की टीम भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में कोऑर्डिनेटर मोनिशा, खेल शिक्षक रिसव एवं संभव, तथा शिक्षिकाएँ का विशेष योगदान रहा।

# परेड देखने वालों के लिए कर्तव्य पथ पर 100 से अधिक हेल्प डेस्क होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** देश में गणतंत्र दिवस हर साल त्योहार की तरह मनाया जाता है। लोग पूरे जोश के साथ कर्तव्य पथ पर परेड देखने पहुंचते हैं।

इस बार भी 26 जनवरी को दिल्ली में परेड देखने आने वाले लोगों के लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। कर्तव्य पथ के आसपास 100 से ज्यादा जगहों पर हेल्प डेस्क बनाए जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर इस बार 2,500 कलाकारों का एक विशाल समूह प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, जिसका मुख्य विषय 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ है। प्रदर्शन का व्यापक विषय 'स्वतंत्रता का मंत्र - वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र - विकसित भारत' होगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गेट नंबर-14, मोती लाल नेहरू प्लेस गोल चक्कर, मान सिंह चौक गोल चक्कर, जीपीओ गोल चक्कर, जसवंत सिंह गोल चक्कर, विंडसर प्लेस गोल चक्कर, मंडी हाउस गोल चक्कर, तीन मूर्ति गोल चक्कर, क्रॉसिंग दनपथ/ डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड समेत 100 से ज्यादा जगहों पर हेल्प डेस्क बनाए जाएंगे।

गणतंत्र दिवस समारोह और बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान कर्तव्य पथ के आसपास वाहन मालिकों को पार्किंग स्थल ढूंढने में इस बार दिक्कत नहीं आएगी। क्यूआर कोड से पार्किंग स्थल ढूंढना बहुत आसान हो जाएगा। पहली बार, दिल्ली पुलिस ने रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर 22 तय पार्किंग स्थलों पर आठ हजार गाड़ियों को पार्क करने के लिए क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड आधारित पार्किंग सिस्टम शुरू किया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी इसे बेहतर पहल माना जा रहा है ताकि हर वाहन के बारे में पुलिस को जानकारी हो सके। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (ट्रैफिक) डीके गुप्ता ने कि क्यूआर कोड सुविधा से यात्रियों को उनकी तय बैठने की जगहों के सबसे पास की पार्किंग तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पार्किंग स्थल से लोग पैदल चलकर अपनी सीटों तक जा सकेंगे।

## शालीमार बाग में हुई सनसनीखेज महिला की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड व दोनों शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने शालीमार बाग में हुई सनसनीखेज महिला की हत्या के मामले को सुलझाकर मास्टरमाइंड और दोनों शूटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक और एक कार बरामद की है। मुख्य आरोपी मृतक के पति बिजेंद्र यादव से जुड़े पहले के हत्या का मामले में गौथी है।

दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था जोन I) रविंदर यादव ने बताया कि 10.जनवरी को, सुबह लगभग 10:30 बजे, शालीमार बाग थाने में एक पीसीआर कॉल आई जिसमें बताया गया कि गेट नंबर 4, ठब ब्लॉक, ईस्ट शालीमार बाग, के पास एक अज्ञात हमलावर ने एक महिला को गोली मार दी है। कॉल करने वाले ने बताया कि पीड़िता को बहुत ज्यादा खून बह रहा था। यह जानकारी DD नंबर 58। में दर्ज की गई और एसआई अभय कुमार सिंह को सौंपी गई, जो कांस्टेबल सोनू कुमार के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।गेट नंबर 4, BC ब्लॉक के पास पार्क में, पुलिस टीम को एक महिला का शव उल्टा पड़ा मिला उसके माथे पर गोली लगने का निशान साफ दिख रहा था। शव के पास जमीन पर एक खाली कारतूस का खोल और एक गोली/धातु का टुकड़ा मिला।मृतक की पहचान रचना यादव, के रूप में हुई। क्राइम टीम और एफएसएल टीम को तुरंत बुलाया गया। इसके बाद पुलिस ने शालीमार बाग थाने के तहत मामला दर्ज संयुक्त आयुक्त नॉर्थन रेंज विजय सिंह की देखरेख में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह के नेतृत्व में बनी टीमों ने जांच शुरू की है। जांच के दौरान टीम को पता चला कि मृतक महिला के पति स्वर्गीय बिजेंद्र यादव और मुख्य आरोपी भरत यादव के बीच उनके साथियों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह विवाद 250 वर्ग गज के प्लॉट को लेकर था।इस संपत्ति विवाद के कारण, दोनों पक्षों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को बार-बार धमकियां दी थीं।

# 21 से 23 के बीच बारिश व आंधी का अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** भारी ठंड के बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में 22 से 25 जनवरी के बीच तेज बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के साथ ही एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में एक और पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी की रात से उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित करेगा।

इसके कारण 23 जनवरी को दिल्ली के साथ ही एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में मौसम खराब रहने का अनुमान है। इस दिन तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार 23 जनवरी से राजधानी में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आने वाले 3-4 दिन सुबह के समय घने कोहरे का सामना करना पड़ेगा।

मौसम विभाग ने 22 जनवरी को दिल्ली के साथ ही एनसीआर में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाने का अनुमान जताया है। दिन में दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाने का भी अनुमान जताया गया है।

मौसम विभाग ने 21 और 22 जनवरी को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किए जाने का अनुमान जताया है। दिल्ली में 22 जनवरी को दोपहर के समय हवा की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से 23 जनवरी को दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में बादल छाएंगे। सुबह के समय हल्का कोहरा भी देखा जाएगा। साथ ही, दिन में दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखी जा सकती है। इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से सर्द हवाएं भी चल सकती हैं।

मौसम विभाग ने 23 जनवरी को दिल्ली में न्यूनतम तापमान के 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किए जाने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग की ओर से 24 और 25 जनवरी को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा सकता है। दोनों ही दिन दिल्ली में आंशिक रूप से बादल नजर आने और सुबह के वक्त हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है।

# लड़के ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बीती रात एक छोटी सी लव स्टोरी का अंत हो गया। लड़की से किसी बात को लेकर हुई नाराजगी के बाद घर में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

जानकारी के मुताबिक शाहबाद डेयरी पुलिस को बीती रात न्यू ए ब्लॉक स्थित घर में 18 साल के विवेक द्वारा पंखे से फांसी लगाने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। विवेक ने पंखे से गम्छे से फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। विवेक के परिवार ने बताया विवेक इलाके में रहने वाली एक लड़की से प्यार करता था। हाल ही में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी व गाली गलौच हुई थी। जिसके बाद उसने फांसी लगा ली।

भाई नितिन ने बताया कि रात को मां का फोन आया था कि विवेक नहीं है,उसको देखो,उसको इलाके में काफी जगह पर देखा,जिस लड़की से प्यार करता था। उसके यहां पर जाकर भी भाई को तलाशने की कोशिश की थी। मगर वो नहीं मिला था। रिश्तेदार मनमोहन ने बताया कि विवेक के माता पिता से दोनों के अफेयर के बारे में पता चला था। एक दिन उसके माता पिता लड़की के घर पर भी बातचीत करने लगे थे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के उपरांत नितिन नबीन से भाजपा मुख्यालय में भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए।

# वायु प्रदूषण से निपटने को प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग राज्यों में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने को लेकर एम्स दिल्ली ने प्रशिक्षण की शुरुआत की है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य को लेकर सेंटर फॉर कम्यूनिटी मेडिसिन में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। सेंटर के प्रभारी और कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग में एडिशनल प्रोफेसर डॉ. हर्षल रमेश साल्वे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर अपने जिलों में नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे। बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रशिक्षित अधिकारी पर्यावरण, यातायात और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार करेंगे। चेस्ट क्लीनिक स्थापित किए जाएंगे।

दवाओं की मात्रा सुनिश्चित करने से लेकर वायु प्रदूषण संबंधी बीमारियों के उपचार को सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। इसमें अलग-अलग राज्य के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तराखंड, बिहार और पंजाब के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## ई-चार्जिंग स्टेशन की कमी होगी दूर, बैटरी स्वैपिंग के होंगे खास इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट की कमी बनी हुई है। 36,150 की कुल आवश्यकता के मुकाबले 8,849 चार्जिंग प्वाइंट ही उपलब्ध हैं। सरकार ने अब 27,000 से अधिक प्वाइंट की कमी को पूरा करने के लिए इस साल के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। योजना के अनुसार जनवरी से मार्च तिमाही में 1,000, अप्रैल से जून में 1,500, जुलाई से सितंबर में 2,300 और अंतिम तिमाही में 2,200 चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन अतिरिक्त स्टेशनों के माध्यम से शहर में चार्जिंग प्वाइंट की 27,000 से अधिक प्वाइंट की कमी को दूर किया जाएगा। इसके साथ ही इस साल 100 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन भी बढ़ेंगे।

# लूट व चाकूबाजी के मामले में आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन में लूट और चाकू मारने की घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट में इस्तेमाल मोबाइल फोन और चाकू भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 2 जनवरी की रात को पुलिस स्टेशन न्यू अशोक नगर को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल किया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान जय प्रकाश (32 साल), निवासी ओल्ड कोंडली, दिल्ली के रूप में हुई। उसे गंभीर चोटों के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जय प्रकाश को पेट और पीठ के बीच चाकू के घाव लगे थे। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी कल्याणपुरी की निगरानी में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मामले की जांच शुरू की, लेकिन पीड़ित ने घटनास्थल की पहचान करने में सहयोग नहीं किया। इससे जांच में देरी हुई और पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और इंटेलिजेंस पर अधिक ध्यान केंद्रित किया।

पुलिस ने लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की जांच की और कोंडली पुल के पास मिले फुटेज से पता चला कि पीड़ित एक साइकिल पर नहर रोड की तरफ जा रहा था, जिसके पीछे एक नाबालिग लड़का हरी जैकेट पहने बैठा था। लगभग 23 मिनट बाद, पीड़ित को कोंडली मोड़ पर घायल अवस्था में लौटते हुए देखा गया, जबकि वही नाबालिग लड़का पीछे से दौड़ते हुए दिखा। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की। उसने बताया कि एक अन्य व्यक्ति देवराज के साथ मिलकर उसने जय प्रकाश पर हमला करने की योजना बनाई थी। देवराज कोंडली का निवासी है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ के दौरान देवराज ने खुलासा किया कि उसने नाबालिग के साथ मिलकर जय प्रकाश पर हमला किया था। उसने बताया कि जय प्रकाश ने नाबालिग का यौन शोषण किया था, जिससे नाबा. लिग और देवराज में गुस्सा और बदला लेने की भावना पैदा हुई। इस बदले के रूप में, दोनों ने मिलकर डकैती की योजना बनाई और सुनसान इलाके में पीड़ित को चाकू मारकर उसका मोबाइल फोन और कुछ पैसे लूट लिए। नाबालिग ने भी साजिश में अपनी भूमिका स्वीकार की। वहीं, हमले के पीड़ित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और मामले में आगे की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन को शुभकामनाएं दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के उपरांत नितिन नबीन से भाजपा मुख्यालय में भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साधारण और विनम्र पृष्ठभूमि से निकलकर, समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन में निरंतर कार्य करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक पहुंचना माननीय श्री नितिन नबीन जी की प्रेरणादायी यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 वर्ष की आयु में श्री नितिन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी यह स्पष्ट प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी का युवा शक्ति पर विश्वास केवल कथनों तक सीमित नहीं रहा है। यह विश्वास संगठन की संरचना, निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व निर्माण में निरंतर प्रतिबिंबित होता रहा है।

# एक्यूआई 400 के पार, स्मॉग की मोटी चादर से ढका इलाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण ने एक बार फिर गंभीर हालात पैदा कर दिए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और आईएमडी के एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के अधिकांश इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार 400 के पार दर्ज किया जा रहा है।

यह स्थिति "गंभीर" श्रेणी में आती है, जो आम जनजीवन और स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक मानी जाती है। गाजियाबाद की बात करें तो इंदिरापुरम में एक्यूआई 410, लोनी में 435, संजय नगर में 335 और वसुंधरा में 439 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 406, सेक्टर-62 में 385, सेक्टर-1 में 411 और सेक्टर-116 में 409 रिकॉर्ड किया गया। ये आंकड़े साफ तौर पर बताते हैं कि दिल्ली से सटे यूपी के शहर भी प्रदूषण की गंभीर चपेट में हैं। दिल्ली के हालात और भी चिंताजनक नजर आ रहे हैं। आनंद विहार में एक्यूआई 444, अशोक विहार में 442, रोहिणी में 438, पंजाबी बाग में 436 और पटपड़गंज में 434 दर्ज किया गया। आरके पुरम में एक्यूआई 420, सोनिया विहार में 417, बवाना में 416 और ओखला फेज-2 में 415 रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा चांदनी चौक (408), डीयू (403), शादिपुर (372), सीआरआरआई मथुरा रोड (360), सिरीफोर्ट (398) और श्री अरबिंदो मार्ग (325) जैसे इलाकों में भी हवा बेहद खराब स्थिति में बनी हुई है।

## टूरिस्ट बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** सोमवार रात शालीमार बाग इलाके में टूरिस्ट बस में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर दमकल की चार गाड़िया पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग लगने के दौरान बस में चालक और हेल्पर बस में सवार थे, जो बस में आग लगते ही नीचे उतरकर सुरक्षित जगह पर चले गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक, सोमवार रात 9.40 बजे पुलिस को शालीमार बाग इलाके में एक टूरिस्ट बस में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही आस पास के फायर स्टेशन से चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल अधिकारियों ने पाया कि बस में आग लगी हुई थी।



दिल्ली विधान सभा केअध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

## वेलनेस कार्निवल में मिलिंद सोमन रहेंगे आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी कंज़्यूमर लाइफस्टाइल और फिटनेस ब्रांड्स में से एक लाइफलॉन्ग ने फाइंडयोरफिट के साथ साझेदारी करते हुए द वेलनेस कार्निवल के सातवें संस्करण की वापसी की घोषणा की है। समग्र स्वास्थ्य और वेल-बीइंग को समर्पित यह एक दिवसीय उत्सव 31 जनवरी 2026 को सुंदर नर्सरी, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन मुख्य आकर्षण रहेंगे।

यह सहयोग भारत भर में सक्रिय, संतुलित और वेलनेस-केंद्रित जीवनशैली को बढ़ावा देने की लाइफलॉन्ग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक संपूर्ण और इमर्सिव वेलनेस अनुभव के रूप में तैयार किया गया द वेलनेस कार्निवल फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और साम. ुदायिक सहभागिता को एक साथ लाएगा। कार्निवल के अंतर्गत मिलिंद सोमन एक 5 किलोमीटर की कम्यूनिटी रन का नेतृत्व करेंगे, जिसके बाद एक इंटरएक्टिव सत्र में यह साझा करेंगे कि दौड़ना और शारीरिक गतिविधि को रोजमर्रा की जिंदगी में सहज रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है।

# पांच साल में 20 नए फायर स्टेशनों की स्थापना की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** शहर में लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विभाग ने अगले पांच वर्षों में 20 नए फायर स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है, जिससे आपातकालीन प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा और शहरवासियों की सुरक्षा बढ़ेगी।

हालांकि, इन स्टेशनों के लिए स्थान अभी चिन्हित किया जाना बाकी है। अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से घनी आबादी वाले इलाकों, अनधिकृत कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष लाभ मिलेगा, जहां आग की घटनाएं अक्सर जानमाल को नुकसान पहुंचाती हैं। योजना के तहत हर साल चार नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे, ताकि विभाग पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेज दिया गया है,

राजधानी में लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने अगले पांच वर्षों में 20 नए फायर स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है, जिससे आपातकालीन प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा और शहरवासियों की सुरक्षा बढ़ेगी। हालांकि, इन स्टेशनों के लिए स्थान अभी चिन्हित किया जाना बाकी है।

अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से घनी आबादी वाले इलाकों, अनधिकृत कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष लाभ मिलेगा, जहां आग की घटनाएं अक्सर जानमाल को नुकसान पहुंचाती हैं। योजना के तहत हर साल चार नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे, ताकि विभाग पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेज दिया गया है, लेकिन बजट अभी निर्धारित नहीं हुआ है।

फिलहाल दिल्ली में 66 फायर स्टेशन कार्यरत हैं, जहां करीब 250 दमकल वाहन तैनात हैं, जिनमें कई आधुनिक वाहन शामिल हैं। राजधानी की बढ़ती आबादी और ट्रैफिक जाम के कारण दमकल की गाड़ियां घटनास्थल तक पहुं. चने में देरी का सामना करती हैं। नए फायर स्टेशनों से यह समस्या काफी हद तक दूर होगी।

# टिकट चेकिंग अभियान से 31.88 करोड़ का राजस्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा और बिना टिकट प्रवेश करने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इससे रेलवे को मौजूदा वित्त वर्ष 31.88 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। उत्तर रेलवे के अनुसार, अभियान का उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा के लिए प्रेरित करना और रेलवे नियमों के उल्लंघन को रोकना है।

वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से दिसंबर 2025) के दौरान कुल 4.35 लाख मामले सामने आए। इनसे जुर्माने के तौर पर 31.88 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि के 3.66 लाख मामलों और 27.08 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 17.74 प्रतिशत अधिक है।

दिल्ली मंडल द्वारा यह अभियान नियमित रूप से रेलवे सुरक्षा बल और टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से चलाया जा रहा है। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने, बिना बुक किए सामान ले जाने और अनियमित टिकटों को लेकर कार्रवाई की गई। दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी का कहना है कि बिना टिकट यात्री रेलवे को तो आर्थिक नुकसान पहुंचाते ही हैं, बल्कि वैध टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के अधिकारों का भी उल्लंघन करते हैं।

# लोकतंत्र की वैधता जवाबदेही के प्रावधानों से नहीं ईमानदार अनुपालन से तय होती है: विजेन्द्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** लोकतंत्र की वैधता जवाबदेही के प्रावधानों के अस्तित्व से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि विधायिकाएँ उन्हें कितनी गंभीरता और ईमानदारी से लागू करती हैं," यह विचार दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।देश भर से आए पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए, गुप्ता ने कहा कि विधायी जवाबदेही जनता और उनके निर्वाचित प्रति. निधियों के बीच एक जीवंत और गतिशील संबंध है, जो लोकतंत्र की नैतिक और संवैधानिक आधारशिला है।संवैधानिक लोकतंत्र में विधायिकाओं की केंद्रीय भूमिका पर बल देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि विधायिकाएँ केवल प्रक्रियात्मक संस्थाएँ नहीं हैं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन की सबसे प्रत्यक्ष और सशक्त अभिव्यक्ति हैं।

जहाँ न्यायपालिका संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करती है और कार्यपालिका शासन का संचालन करती है, वहीं कार्यपालिका की सत्ता विधायिका से ही प्रवाहित होती है और वह सामूहिक रूप से सदन के प्रति उत्तरदायी रहती है। यह अंतर्निहित संबंध विधायिका को लोकतांत्रिक जवाबदेही और जनविश्वास के केंद्र में स्थापित करता है। विधानसभाओं की बैठकों की घटती संख्या और प्रभावी कार्यघंटों में कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि इससे विधायिका की निगरानी कमजोर होती है, सदस्यों को जनहित के मुद्दे उठाने के अवसर सीमित होते हैं और विधायिकाओं की केंद्रीय भूमिका तथा प्रभावशीलता धीरे-धीरे क्षीण होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जवाबदेही केवल प्रतीकात्मक या औपचारिक नहीं हो सकती, बल्कि इसे नियमित बैठकों, अनुशासित आचरण तथा सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों द्वारा सार्थक विमर्श के माध्यम से सजीव रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## परामर्श एजेंसी पर दो साल का प्रतिबंध 50.30 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एक परामर्श एजेंसी पर दो साल का प्रतिबंध और 50.30 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। पीडब्ल्यूडी ने शालीमार बाग अस्पताल, किराड़ी अस्पताल, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय और जीटीबी अस्पताल में नए समयसीमा के भीतर जरूरी ड्राइंग, डिजाइन और वैधानिक अनुपालन दस्तावेज जमा नहीं किए। इससे न सिर्फ निर्माण कार्य रुका, बल्कि पूरी परियोजना की समय सारिणी प्रभावित हुई।

इसे योजना, डिजाइन, ड्राइंग, लागत आकलन, वैधानिक स्वीकृतियों और निर्माण पर्यवेक्षण करना था। रूप में नए समयसीमा के भीतर जरूरी ड्राइंग, डिजाइन और वैधानिक अनुपालन दस्तावेज जमा नहीं किए। इससे न सिर्फ निर्माण कार्य रुका, बल्कि पूरी परियोजना की समय सारिणी प्रभावित हुई।

## हाईवे पर कर रहा था जिगजैग ड्राइविंग,पहुंचा जेल

**नई दिल्ली।** दो दिन पहले हाईवे-48 का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसमें एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार जिगजैग ड्राइविंग करते हुए चल रही थी। जिससे दूसरे वाहन चालक भी अपने वाहन को उससे बचाते हुए नजर आए थे।

समयपुर बादली पुलिस ने मामला दर्ज करके जाकिर नगर ओखला के रहने वाले चालक दाउद अंसारी को गिरफ्तार कर कार जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार की शाम तीन से चार बजे के बीच बादली पुलिस को काले रंग की स्कॉर्पियो के कार के बारे में सोशल मीडिया पर चलने वाली वीडियो से पता चला था।


**उत्तर रेलवे**
संशोधित पत्र-1
संदर्भ:- Notice No. CSP-KSF_04_2025-26 Dated: 20.01.2026
(RO No. 99/2026)
नीचे उल्लिखित निविदा में संशोधन निम्नानुसार संशोधित:

| | | खुलने की मौजूदा तिथि | खुलने की संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Number: CSP-KSF_04_2025-26 | 04.02.2026 | 11.02.2026 |
| | | विशेष शर्तों का खंड संख्या 4 : खंड 4 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जाए। | |
| | | विशेष शर्तों का खंड संख्या 12 : खंड 12 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जाए। | |

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
टिप्पणी: उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की पूरी जानकारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 212/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बहादुरगढ़ हत्याकांड खुलासा, भाई ने की थी भाई की हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने भाई की हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्यारोपी सगे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम ने सेहल नहर पुल के पास से मुकदमा संख्या 12/2026 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपांशु पुत्र नरेश निवासी बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई उमेश शराब पीने का आदी था और अक्सर घर में मारपीट व तोड़फोड़ करता रहता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोपी ने बताया कि 15 जनवरी 2026 को गुस्से में आकर उसने चाकू से हमला कर अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को धौलाना रोड स्थित सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा पुलिस टीम ने बीएनएस में नामजद आरोपी को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फईम उर्फ फरमुद्दीन पुत्र कलवा निवासी मोहल्ला प्रहलादनगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



# अवैध पटाखा फैक्ट्री का पर्दाफाश, लाखों का विस्फोटक जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली बाबूगढ़ पुलिस ने कुचेसर चौपला क्षेत्र के फतेहपुर इलाके में चल रही अवैध पटाखा निर्माण इकाई पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार देर रात सूचना मिली थी कि एक मकान में चोरी-छिपे पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के भीतर बड़ी मात्रा में तैयार पटाखे, कच्चा माल और निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। जांच में सामने आया है कि यह फैक्ट्री घनी आबादी के बीच संचालित की जा रही थी, जिससे आसपास के लोगों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ था। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जन सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# परतापुर-शामली मार्ग पर हादसा, बाइक सवार तीन छात्र गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** परतापुर-शामली मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महमदपुर अखाड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे यश चौधरी, अनुज चौहान और अतिन बाइक से पिलखुवा स्थित वीआईपी इंटर कॉलेज पढ़ाई के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक परतापुर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान यश चौधरी पुत्र अरविंद चौधरी, अनुज चौहान पुत्र अमित चौहान और अतिन पुत्र रणजोर सिंह के रूप में हुई है। अतिन महमदपुर सुजानपुर का निवासी है, जबकि अन्य दोनों युवक महमदपुर अखाड़ा गांव के रहने वाले बताए गए हैं। सूचना मिलते ही पिलखुवा कस्बा चौकी प्रभारी सुनील परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस के जरिए तत्काल जीएस अस्पताल भिजवाया गया, जहां



तीनों का उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने परतापुर-शामली मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और यातायात सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

# मंदिरों के ध्वस्तीकरण को लेकर आप का विरोध, राष्ट्रपति से की हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** काशी के पावन मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण को लेकर आम आदमी पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। पार्टी ने इसे धार्मिक आस्था, सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत पर सीधा हमला बताते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मणिकर्णिका घाट हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र स्थल है, जहां मोक्ष की मान्यता जुड़ी हुई है। ऐसे पौराणिक और ऐतिहासिक स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों को तोड़ा जाना करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है।



आम आदमी पार्टी ने इसे संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का भी गंभीर उल्लंघन करार दिया है। पार्टी ने चिंता जताई कि यह घटना किसी विदेशी शासनकाल में नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत में केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में और प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में हुई है। इसके बावजूद केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। पार्टी का कहना है कि सरकारों की यह चुप्पी आस्था पर हुए इस हमले को मौन स्वीकृति देने जैसी प्रतीत होती है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि मणिकर्णिका घाट पर तोड़े गए सभी प्राचीन मंदिरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, ध्वस्तीकरण का आदेश देने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में काशी सहित देश के किसी भी धार्मिक, ऐतिहासिक या पौराणिक स्थल के साथ बिना व्यापक जनसहमति और धार्मिक संस्थाओं की अनुमति के किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा केवल सरकारों की ही नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है। यदि इस गंभीर विषय पर समय रहते निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई तो इससे देशभर में आक्रोश और अविश्वास का माहौल बनेगा तथा सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचेगा।

# 15 मिनट में सुधरी खतौनी, किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना तहसील में प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरित कार्यशैली का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम नगला छज्जू निवासी किसान सुनील कुमार की खसरा-खतौनी में डेढ़ साल से चली आ रही नाम संबंधी त्रुटि को तहसीलदार प्रवेश कुमार ने मात्र 15 मिनट में ठीक करा दिया। इस सुधार के बाद किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार भू-अभिलेखों में किसान सुनील कुमार का नाम गलती से सुनीता दर्ज हो गया था। इस वजह से वह लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहे थे और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कई बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। थक-हारकर किसान ने सीधे तहसीलदार प्रवेश कुमार से संपर्क किया। मामले की गंभीरता को समझते हुए तहसीलदार ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए और रिकॉर्ड की जांच कराकर त्रुटि को तुरंत ठीक कराया। महज 15 मिनट में खतौनी में सुधार कर सही नाम के साथ नई खतौनी जारी कर दी गई। समस्या का समाधान होते ही किसान सुनील कुमार ने राहत की सांस ली और तहसीलदार प्रवेश कुमार का आभार व्यक्त किया। तहसीलदार ने बताया कि भू-अभिलेखों में हुई मानवीय त्रुटि को समय रहते सुधार दिया गया है, ताकि किसान को किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने में आगे कोई परेशानी न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसीलदार प्रवेश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैये से आम जनता को राहत मिल रही है। अगर आप चाहें तो मैं इसके लिए फ्रंट पेज टाइटल विकल्प, ब्रेकिंग न्यूज स्टाइल, वेब पोर्टल SEO हेडलाइन, या सोशल मीडिया कैप्शन लाइन भी तैयार कर सकता हूं।



# पिलखुवा में सैनिक सम्मान की मिसाल, स्वास्थ्य शिविर और खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कन्हा श्याम मंडप में आयोजित कार्यक्रम में 56 फील्ड रेजीमेंट मेरठ कैंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने पूर्व सैनिकों के लिए लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें कई पूर्व सैनिकों ने अपनी जांच कराई। इसी अवसर पर आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भी कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने शुभारंभ किया, जिसमें अनेक पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मान समारोह के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों रामभूल सिंह, महेंद्र सिंह, कुंवर पाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, मच्छेंद्र सिंह और नेपाल सिंह को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि देश की सेवा करने वाले साथियों का इस आयु में सम्मान करना गर्व की अनुभूति है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जीएस मेडिकल कॉलेज के निदेशक मनोज सिसोदिया और उनकी टीम के चिकित्सकों को भी शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों की संस्था के प्रदेश अध्यक्ष केपी सिंह सहित राजेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, अजय भट्ट, कटार सिंह, जगदीश सिंह, बॉबी मित्तल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

### अयोध्या धाम में विराट काव्य संध्या, देशभर के कवियों ने बिखेरा साहित्यिक रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्या धाम के तत्वावधान में आयोजित विराट काव्य संध्या ने हिंदी साहित्य प्रेमियों को एक यादगार साहित्यिक अनुभव प्रदान किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 45 कवि और कवयित्रियों ने अपनी ओजपूर्ण, राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत और भावनात्मक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में साहित्यिक ऊर्जा और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल 'चक्रवर्ती' ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कहीं महबूब से प्यारा मेरा अभिमान है भारत, यह पंक्ति देशप्रेम की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल रहीं, जिन्होंने सभी रचनाकारों के काव्यपाठ की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को साहित्य संवर्धन का सशक्त माध्यम बताया। इस साहित्यिक आयोजन का संयोजन अनिता नायक, मनोज महतो और पूनम चौधरी ने किया। मंच से देश के विभिन्न प्रांतों से आए रचनाकारों ने सामाजिक सरोकार, राष्ट्रभक्ति, नारी सशक्तिकरण, मानवीय संवेदनाओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। काव्यपाठ करने वालों में नीतू नागर, अरविंद कुमार 'अनोखे', रीता गुगलानी, प्रा. मनीषा नाड़गौडा, डा. राम अवतार शर्मा 'राम', राजेश कुमार शर्मा, शशि तिवारी, अंजना दिलीप दास, दीपा शर्मा 'उजाला', रेखा शंखवार 'स्मृति', लतेलिन लता प्रधान, सतीश गौतम, वैशाली रस्तोगी, कुमारी किरण, आत्म प्रकाश कुमार, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश तिवारी 'रंजन', अंजना कुमारी केशरी 'मंजू', जनकवि सुखराम शर्मा, वीणा खण्डेलवाल, डा. सुप्रीति चावला, माधुरी निगम, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, जय गुप्त, अंकिता पटेल, सरिता श्रीवास्तव, मंजू दलाल 'मंजरी', कल्पना सचदेव, ईश्वर चंद्र विद्यावाचस्पति, अतिवीर जैन 'पराग', मनोज मंजुल 'ओज', रतन सिंह सोलंकी, श्वेता कुमारी चौबे, गार्गी चटर्जी 'आशा', चौधरी बिलाल, हिमांशु कुमार 'शंकर' और सुषमा भंडारी सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन प्रेरणा तलवार और वृंदा 'वाणी' ने किया। समापन अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक गोयल 'चक्रवर्ती' ने सभी रचनाकारों, आयोजकों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

### खुरपका-मुंहपका रोग के खिलाफ बड़ा अभियान 20 जनवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दुधारू पशुओं को खुरपका–मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में इस रोग के उन्मूलन हेतु सातवें चरण का व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी और मौसम परिवर्तन के समय दुधारू पशुओं में खुरपका–मुंहपका रोग का खतरा बढ़ जाता है। यह रोग विशेष रूप से गोवंश एवं भैंसवंशी पशुओं को प्रभावित करता है, जिससे उनके खुरों और मुंह में घाव हो जाते हैं, दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और कई बार पशु की मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश पशुओं को खुरपका–मुंहपका रोग से मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में लाइव स्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (स्म्क्ब्) के अंतर्गत यह सातवां चरण है। जिसकी शुरुआत पीलीभीत में 22 जनवरी से की जा रही है। यह अभियान 10 मार्च तक चलेगा, जिसमें जनपद को भी शामिल किया गया है। जनपद में लगभग 3 लाख दुधारू पशु हैं और इस अभियान के दौरान सभी पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव–गांव जाकर कार्य करेंगी ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने सभी पशुपालक भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा पशु सेवा केंद्र से संपर्क बनाए रखें। प्रत्येक गांव में तैनात टीकाकरण कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर और टीकाकरण की तिथि की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें। यदि किसी कारणवश किसी पशु का टीकाकरण नहीं हो पाता है, तो संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर अपने गांव में टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

# टेंपो ट्रैवलर बस ट्रक से भिड़ी एक की मौत, नौ घायल

**पीलीभीत।** नेशनल हाईवे 730 पर गजरौला कलां क्षेत्र के गढ़ा जंगल में बिजली घर के समीप मंगलवार सुबह 9 टेंपो ट्रैवलर और ट्रक में आमने–सामने की भीषण टक्कर में एक यात्री की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया जाम को खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशकत करनी पड़ी। घटना मंगलवार सुबह की है। एक टेंपो ट्रैवलर बस जो हिमाचल प्रदेश से मजदूरों को लेकर नेपाल छोड़ने जा रही थी कि अचानक पूरनपुर हाईवे पर माला रेंज के जंगल में बिजली घर मोड़ के निकट सामने आ रहे ट्रक से टकरा गई। जिसमें बस में सवार आठ यात्री लोग घायल हो गए। एक की मृत्यु हो गई है। यह बस नेपाली मजदूरों को हिमाचल के रूहडू से नेपाल झाझर कोठी थाना सिलिंगी छोड़ने जा रही थी। हादसे की मुख्य वजह ओवरटेक करना बताया जा रहा है। जिसमें बस में सवार ड्राइवर सहित 9 लोग घायल हो गए तथा एक की मृत्यु हो गई है। घायलों में बस चालक चित्रा ओली हिमाचल प्रदेश, निर्मल शाही पत्नी देवकी शाही, गौरी खत्री पत्ती पदम बहादुर खत्री, सीता पत्ती वीर बहादुर, राधिका पत्ती बादल तथा तीन वर्षीय पुत्री सोनिया शामिल हैं।

# पीलीभीत में पकड़ी नकली कफ सीरप फैक्ट्री

**पीलीभीत।** थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा अवैध कफ सिरप निर्माण में संलिप्त एक अभियुक्त की गिरफ्तारी करते हुए 340 TopeÛ Gold o 35 CoyoreÛ&T (कुल 375) कफ सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने के उपकरण, सामग्री बरामद की है।



यूपी की जनपद पीलीभीत पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के क्रम में थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा अवैध कफ सिरप बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी लाह, थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 340 TopeÛ Gold ,oa 35 CoyoreÛ&T कफ सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने से सम्बन्धित सामग्री, जिसमें 5 पैकेटों में 488 नई खाली शीशियाँ (बिना ढक्कन), 110 रैपर, 1939 ढक्कन, 3 स्प्रिट से भरी शीशियाँ, एक छोटा गैस सिलेंडर एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदी के आधार पर आरोपी पर थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2003 में सिटी अस्पताल पीलीभीत में कम्पाउंडरी का कार्य करता था तथा लगभग 3 वर्ष कार्य करने के बाद अपने गाँव आकर लोगों को जुकाम, बुखार व खाँसी की दवाइयाँ देने के लिए छोटा क्लीनिक खोल लिया। इसके अतिरिक्त वह थाना खुटार क्षेत्र, जनपद शाहजहाँपुर के मझगंवा गाँव में भी क्लीनिक चलाने लगा। अभियुक्त ने लगभग 2 वर्ष पूर्व यूट्यूब से नकली कफ सिरप बनाने की जानकारी प्राप्त कर घर पर ही नकली कफ सिरप बनाना शुरू कर दिया। कोरेक्स कफ सिरप की बिक्री बंद होने के कारण उसने TopeÛ Gold o CoyoreÛ&T के रैपर जैसी छपाई कराई और स्प्रिट, ऑरेंज फ्लेवर नम्बर–1, क्ग सिरप के घोल व चीनी के शीरे से नकली कफ सिरप तैयार करने लगा। उसने जनपद बरेली से खाली शीशियाँ व ढक्कन मंगवाए तथा छोटे गैस सिलेंडर की सहायता से 20 शीशियों की लेमिनेशन युक्त पैकिंग कर उन्हें असली जैसा रूप देता था।

# अवैध रूप से चर्च निर्माण करा रहे तीन गिरफ्तार

**पीलीभीत।** थाना अमरिया पुलिस द्वारा अवैध रूप से चर्च निर्माण करने के प्रयास में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। 17 जनवरी को थाना अमरिया पुलिस को वादी सरजीत सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम तिरकुनिया नसीर थाना अमरिया जिला पीलीभीत के द्वारा तहरीरी सूचना के माध्यम से अवगत कराया गया कि ग्राम नवदिया जिठनिया में मुन्ना मसीह पुत्र चिराग मसीह निवासी ग्राम भूडा ईसाइ कालौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत, जमुना प्रसाद पुत्र तोताराम निवासी ग्राम नवदिया जिठनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत व अर्जुन सिंह राणा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम उलधन थाना खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) के द्वारा अवैध रूप से चर्च निर्माण का प्रयास किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में थाना अमरिया पुलिस द्वारा उपरोकत के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में थाना अमरिया पुलिस द्वारा ग्राम नवदिया जिठनिया में गाटा संख्या 78 पर अवैध रूप से निर्माण कार्य को रोककर धारा 35(3) बीएनएसएस के नोटिस देकर निर्माण कार्य न करने की हिदायत दी गई थी, परन्तु अभियुक्तों द्वारा पुनः निर्माण कार्य किया/कराया (ईट व बालू को इधर–उधर कर) जा रहा था। चर्च निर्माण हेतु शासन/प्रशासन की अनुमति के सम्बन्ध में पूछताछ की गई, जिस पर अभियुक्तगण द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति न होना बताया गया तथा केवल ट्रस्ट के नाम से भूमि के कागजात प्रस्तुत किए गए। शान्तिव्यवस्था बनाए रखने, अपराध रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में मुन्ना मसीह पुत्र चिराग मसीह निवासी ग्राम भूडा ईसाइ कालौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत, जमुना प्रसाद पुत्र तोताराम निवासी ग्राम नवदिया जिठनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत व अर्जुन सिंह राणा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम उलधन थाना के है।

# सदभावना फाउंडेशन ने महिलाओं को बांटी सिलाई मशीन



**मथुरा।** सदभावना फाउंडेशन के तत्वाधान में सदभावना सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर नारी शक्ति को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख व्यवसायी अंशुल अग्रवाल द्वारा अपनी माता. जी स्व. महिमा अग्रवाल की स्मृति में समाज की गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की। कार्यक्रम के अतिथि अंशुल अग्रवाल ने कहा कि मेरा मानना है कि किसी को इस काबिल बना देना कि वह परिवार का पालन–पोषण कर सके यही सच्ची सेवा है। सद्भावना प्रशिक्षण केंद्र पिछले दो दशक से भी अधिक समय से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। इस संस्था ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है। संस्था के अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि महिलाएँ आत्मनिर्भर बनें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें। सिलाई मशीनें उनके हुनर को एक अवसर प्रदान करेंगी। सचिव आभा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कुल पांच महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संजीव अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित पचौरी, बृजमोहन, सुषमा, समता, आयशा, सुनीता, आसमां, आसमीन, राज. कुमार, हरीश, सविता, मीना, कुसुम, गीता, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

# रोल ऑब्जर्वर ने ली राजनीतिक दलों व अधिकारियों की बैठक

## निर्वाचक नामावलियों को लेकर दिए दिशा निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत आयुक्तध्रोल ऑब्जर्वर सहारनपुर मंडल डॉ। रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका. रियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एडीएम सतएन्द्र सिंह ने रोल ऑब्जर्वर को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित अब तक की गई गतिविधियों की जानकारी दी। रोल ऑब्जर्वर डॉ। रूपेश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए निर्वाचक नामावली को शत-प्रतिशत शुद्ध बनाया जाए। उन्होंने बीएलओ का एक बार पुन: प्रशिक्षण कराने तथा स्वीप गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रोल ऑब्जर्वर ने बताया कि 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी डिग्री कॉलेजों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, जिनमें ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाए। बैठक में बताया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत ऐसे युवा नागरिक, जो अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। फॉर्म-6 ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से अथवा ऑफलाइन बीएलओ को उपलब्ध कराया जा सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र देना अनिवार्य है तथा जन्म तिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के लिए आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक स्वसत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य निवास प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा, जबकि स्थाई निवास प्रमाण पत्र मान्य है। बैठक में डीएम अरविंद कुमार चौहान ने रोल ऑब्जर्वर को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का जनपद स्तर पर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम सतएन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन विनय कुमार भदौरिया उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया पैदल गश्त, व्यापारियों से किया संवाद






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा व विश्वास की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने कस्बा कैराना में पुलिस बल के साथ व्यापक पैदल गश्त की। एसपी ने मुख्य बाजार सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गश्त के दौरान एसपी ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने व्यापारियों की कुशल-क्षेम पूछते हुए क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया और भरोसा दिलाया कि शामली पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गति. विधि, व्यक्ति या अवैध कृत्य की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना, चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने बाजार में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, डड्यूटी पालन, यातायात व्यवस्था तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि जनता से विनम्र व्यवहार करें, व्यापारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें और शाम व रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाएं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने चौकी इमामगेट का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, क्षेत्रीय निगरानी, अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क को और मजबूत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समापन पर एसपी ने कहा कि शांति व्यवस्था, महिला सुरक्षा और आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैराना सहित पूरे जनपद में पैदल गश्त, सघन निगरानी और जनसहभागिता के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामड़ा पीरमाजरा निवासी एक व्यक्ति ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगने का आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड चतुर्थ कैराना को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित साबिर उर्फ भूरा पुत्र यूसुफ ने बताया कि उनके नाम से घरेलू विद्युत कनेक्शन है। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पीड़ित और उसके परिजन अपने मकान का गेट बंद कर पास ही स्थित दूसरे मकान में चले गए थे। करीब एक घंटे बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से मकान में आग लगी हुई हैं। आग की चपेट में आकर उनके पुत्र को शादी में मिला नया सामान, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, बड़ा संदूक, शादी के नए कपड़े, रसोई का सामान और अन्य घरेलू वस्तुएं जलकर राख हो गया। इसके अलावा संदूक में रखी करीब 42 हजार रूपए की नकद भी आग में जल गई। पीड़ित के अनुसार आग से करीब एक लाख बीस हजार रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। घटना के बाद पीड़ित ने विद्युत विभाग को सूचना देते हुए मामले की जांच कराने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आग बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे उसे भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

## एक नजर

### 27 को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर रुचिता ढाका ने बताया कि कॉलेज की छात्राऐं परिषदीय परीक्षा 2026 की परीक्षा में सम्मिलित हो रही है उन छात्राओं की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जनवरी को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में संपन्न कराई जाएगी।

### नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत में झिंझाना में बांटी गई मिठाइयां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भाजपा नेता बंटी चौधरी के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता बंटी चौधरी ने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा और ऊर्जावान हैं। उनके नेतृत्व में आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी का परचम देश के सभी प्रदेशों में लहराएगा। वहीं भाजपा जिला मंत्री निवीश कुमार ने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी को नई दिशा देने का काम करेंगे और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में जिला मंत्री निवीश कुमार, भाजपा नेता डॉक्टर रोहित, भोपाल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, निशांत पाल, पूरन कश्यप, मोहित कश्यप सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मांगों को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारियों का धरना, कार्य बहिष्कार की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत संविदा कर्मचारियों ने मंगलवार को टाउन बिजली घर पर धरना प्रदर्शन कर कंपनी और विभाग को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं, तो जनपद में संविदा कर्मचारी संपूर्ण कार्य का बहिष्कार करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन विद्युत संविदा संघ शामली के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता से समय पर वेतन भुगतान, संपूर्ण ईपीएफ, ईएसआई, आई कार्ड, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगें उठाईं। कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से वे अपनी मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों से अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संविदा कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 27 जनवरी से डिश कनेक्शन, राजस्व वसूली और लाइन रखरखाव का कार्य जनपद में पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान यदि किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन के दौरान यशवीर, ललित, इस्लाम, सुधीर, बिलाल, सचिन, मनोज, राजकुमार, रविपाल, बिजेंदर, शाहनवाज, मेहराज, अमित, दीपक, सुशील, नीरज सहित बड़ी संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# 26 जनवरी से पहले बाजार में चेकिंग, 25 वाहनों के चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गणतंत्र दिवस को लेकर चौसाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। इसी क्रम में पुलिस ने सहारनपुर बॉर्डर से लेकर मैन बाजार, ऊन तिराहा और थाना भवन चौराहे तक सघन चौकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों के चालान काटे गए, जबकि बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवाओं को सख्त चेतावनी दी गई।

26 जनवरी के मद्देनजर किसी भी तरह की अव्यवस्था और हादसों को रोकने के लिए पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर है। चौसाना में पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरिकेडिंग कर वाहनों को रोक-रोककर जांच की। इस दौरान बाइक सवारों के हेलमेट, चार पहिया वाहनों के कागजात और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। चेकिंग के समय कई युवा बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पाए गए, जिन पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने मौके पर मौजूद युवाओं को समझाते हुए कहा कि हेलमेट न पहनने से हादसों में जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। अगली बार नियम तोड़ने पर चालान के साथ वाहन सीज की कार्रवाई भी की जा सकती है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में भारी आवाजाही रहती है, ऐसे में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसी वजह से चौकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे राष्ट्र पर्व के दौरान नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें और पुलिस का सहयोग करें, ताकि गणतंत्र दिवस शांति और सुरक्षा के साथ मनाया जा सके।

# सड़क सुरक्षा माह: पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करना, ट्रैफिक संकेत का सम्मान करना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना एवं सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग की महत्व के विषय में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जुवे. रिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सोनी पुत्री उमरदीन, एम ए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर महक पुत्री शाहिद बीए प्रथम वर्ष रही।

प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ब्रिजेश राठी, सीमा सिंह एवं अमित सिंह शामिल रहे, साथ ही सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जारा पुत्री नफीस बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान जैनब पुत्री नवाब बी ए तृतीय वर्ष प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अं. कता त्यागी द्वारा किया गया।





### यातायात नियमों को लेकर राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में छात्रों को किया गया जागरूक

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा आरएसएस इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने छात्रों को बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तेज गति तथा गलत दिशा में वाहन चलाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी भी दी। छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, रोड साइन और पैदल चलने के नियमों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने कहा कि यातायात नियम केवल कानून नहीं, बल्कि हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, इसलिए छोटी उम्र से ही यातायात अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

# कैराना में स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 1.03 करोड़ की अवैध स्मैक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 517 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 03 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अहसान उर्फ कटी पुत्र इलयास, निवासी ग्राम मण्डावर, थाना कैराना, जनपद शामली के रूप में हुई है।

बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 35/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस अब आरोपी के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है, ताकि नशे के इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सके। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यूनुस खान, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार त्यागी सहित थाना कैराना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि जनपद को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# युवक को म्यामार में बंधक बनाकर साइबर अपराध कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव केरटू निवासी नदीम पुत्र इरफान ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी, अवैध तस्करी और जबरन साइबर अपराध कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने एजेन्ट प्रिन्स उर्फ फाद निवासी झिंझाना, एजेन्ट अमन निवासी नवी मुंबई और एजेन्ट सचिन निवासी हैदराबाद तेलंगाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीडित नदीम ने बताया कि वह चौसाना स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। 15 जुलाई 2025 को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के माध्यम से टेलीग्राम आईडी के जरिए उसकी बातचीत एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम प्रिंस बताया। प्रिंस ने थाईलैंड में डेटा एंट्री की नौकरी, अच्छा वेतन, रहना-खाना और कंपनी द्वारा खर्च उठाने का लालच दिया। एक साल का वीजा और कंपनी द्वारा बुलाए जाने की बात कही गई।

20 जुलाई 2025 को नदीम ने हामी भर दी, जिसके बाद 30 जुलाई को पुणे से बैंकाक का टिकट टेलीग्राम पर भेजा गया। 31 जुलाई को दिल्ली एयरपोर्ट पर नदीम की मुलाकात गांव केरटू निवासी रिजवान से हुई, जिसे भी इसी तरह बैंकाक बुलाया गया था। दोनों 31 जुलाई को बैंकाक पहुंचे। बैंकाक एयरपोर्ट पर फोटो दिखाकर एक टैक्सी चालक दोनों को होटल ले गया। अगले दिन दूसरी गाडी से उन्हें कथित कंपनी ले जाने के नाम पर जंगल के रास्ते कई घंटों का सफर कराया गया। इसके बाद पैदल चलाकर म्यामार सीमा पार कराई गई और मवाडी क्षेत्र स्थित केके वन 5 बी नामक कंपनी में ले जाया गया। आरोप है कि वहां एजेंट प्रिंस उर्फ फाद और अमन ने दोनों के मोबाइल, सभी पहचान पत्र और करीब 60 हजार रूपए छीन लिए। जबरन कंप्यूटर पर डेटिंग साइट से नंबर निकालने और साइबर अपराध से जुडा काम कराया गया। काम से मना करने पर मारपीट, भूखा रखने और धमकी देने का आरोप लगाया गया। घर लौटने के लिए पांच-पांच हजार अमेरिकी डॉलर की मांग की गई। पीडित ने बताया कि इसी दौरान केके 6 कंपनी में काम कर रहे सूबरी गांव निवासी सावेज और तसलीम से मुलाकात हुई, जिन्हें भी इसी तरह टेलीग्राम के जरिए फंसाया गया था। तसलीम द्वारा भारत और म्यामार एम्बेसी में शिकायत किए जाने के बाद 22 अक्टूबर 2025 को म्यामार आर्मी ने कार्रवाई करते हुए करीब 590 भारतीयों को मुक्त कराया और थाईलैंड भेजा। इसके बाद भारतीय दूतावास की मदद से 10 नवंबर 2025 को सभी को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस लाया गया, जहां से पीडित अपने घर पहुंचे। नदीम ने आरोप लगाया कि एजेंट प्रिंस उर्फ फाद निवासी झिंझाना, अमन निवासी मुंबई और सचिन निवासी हैदराबाद ने नौकरी के नाम पर धोखाधडी कर अवैध रूप से म्यामार ले जाकर साइबर अपराध कराने के लिए मजबूर किया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने एजेन्ट प्रिन्स उर्फ फाद निवासी झिंझाना, एजेन्ट अमन निवासी नवी मुंबई और एजेन्ट सचिन निवासी हैदराबाद तेलंगाना के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की भूमिका, विदेश भेजने का नेटवर्क और अन्य पीडितों से जुडे तथ्यों की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाल श्रम के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान, होटल-ढाबों पर छापेमारी



**कैराना।** बाल श्रम उन्मूलन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑपरेशन रक्षा के तहत सघन अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में सोमवार को कैराना क्षेत्र में जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान एएचटी थाना शामली की टीम तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, होटल-ढाबों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए बताया गया कि बच्चों से श्रम कराना गंभीर दंडनीय अपराध है। पुलिस टीम ने होटल-ढाबों समेत संदिग्ध प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी बच्चों से श्रम या उनका शोषण कराया जा रहा हो। प्रतिष्ठान संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि बाल श्रम कराते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह ने कहा कि जनपद में बाल श्रम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। ऑपरेशन रक्षा के तहत निरंतर निगरानी, नियमित चेकिंग और जन-जागरूकता के माध्यम से बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

# दिल्ली देहरादून कॉरिडोर पर एक बार फिर कोहरे कहर

## घरे कोहरे के कारण 15 से अधिक वाहन आपस में टकराए, गाड़ियों में सवार 20 से अधिक लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर मसूरी गांव के समीप घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां 15 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने का प्रयास कर रही है। यह हादसा घने कोहरे और कम विजिबिलिटी के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले दो वाहन आपस में टकराए, जिसके बाद पीछे से आ रहे 15 से अधिक वाहन एक-दूसरे से भिड़ते चले गए। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और



दिल्ली की ओर जा रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शी महिपाल सिंह ने बताया कि वाहनों की रफ्तार अधिक थी और घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी। इसी वजह से एक वाहन के टकराने के बाद पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी उससे टकराते चले गए। फिलहाल, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।





# अधिवक्ताओं के लिए टोल शुल्क में पूर्ण छूट की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिवक्ताओं के लिए टोल शुल्क में पूर्ण छूट की मांग की है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि वे न्याय की लड़ाई लड़ते हैं और इसके लिए उन्हें आए दिन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर न्यायालयों में पेश होना पड़ता है। इस प्रक्रिया में उन्हें टोल प्लाजा पर शुल्क चुकाना पड़ता है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने बताया कि टोल शुल्क लगातार बढ़ रहा है, जिससे उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई टोल प्लाजा पर उनके साथ अभद्रता की घटनाएं भी हुई हैं। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से अपनी सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की है। इस दौरान अध्यक्ष सुभाष तोमार, महामंत्री अजित सिंह, तुषार, राशिद तसलीम आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम से की दबंग के कब्जे से भूमि को मुक्त कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर मंगलवार को ग्राम प्रधान तयब्बा फखरपुर शेखपुरा ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत की भूमि पर दबंग लोगों का कब्जा होना बताया। इससे पूर्व में बिनौली पुलिस द्वारा खसरा नंबर 379 से कब्जा मुक्त कर दिया था अब दबंग लोग दोबारा ग्राम पंचायत की। इस भूमि पर कब्जा कर रहे हैं यह भूमि गांव की आबादी के बीच में आ रही है। उन्होंने एसडीएम से दबंग से भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। एसडीएम ने ग्राम प्रधान की शिकायत पर बिनौली थाना पुलिस को तत्काल मौके पर जाकर कब्जा मुक्त कराए जाने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव के ही दबंग लोग गांव में किसी भी जगह खाली भूमि पर कब्जा कर लेते हैं और फिर लोगों को धमकी भी देते हैं उन्होंने दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।




## युवक ने लगाया पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप, लाइव वीडियो चला निगला जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए लाइव वीडियो चला जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक का कहना है कि पुलिस लगातार उसे परेशान कर रही थी और पैसों का दबाव बना रही थी।

पीड़ित युवक ने बताया कि उसे एक मामले में कोतवाली बुलाया गया था। उसने आरोप लगाया कि पहले उसने इस मामले में चौकी इंचार्ज को पैसे दिए थे, जिसके बाद चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया था। अब उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया। युवक के अनुसार, थाने में एक दरा. ेगा, एक महिला दरोगा और दो अन्य पुलिसकर्मियों ने उसके साथ अभद्रता की। इस उत्पीड़न से परेशान होकर उसने लाइव वीडियो बनाते हुए जहरीला पदार्थ निगल लिया। वीडियो में युवक साफ तौर पर कह रहा है कि वह पुलिस के लगातार उत्पीड़न और मुकदमे में समझौते के लिए पैसों के दबाव से तंग आकर यह कदम उठा रहा है। उसके पास इतनी रकम नहीं है जितनी लगातार मांगी जा रही है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक का नाम फिरोज है। उस पर मारपीट का मुक. दमा दर्ज था और वह वादी पर फैसले का दबाव बना रहा था। उसे नोटिस के लिए कोतवाली बुलाया गया था। बृजेश कुमार ने आगे बताया कि फिरोज इसी बात को लेकर पुलिस पर आरोप लगा रहा है। फिलहाल, इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। साथ ही, जहरीला पदार्थ निगलने वाले मामले में भी युवक की हालत और उसके इलाज के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### एक नजर

## 21 जनवरी को अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ उपमुख्यमंत्री को दिया जाएगा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को सिसाना रोड़ पर स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रालोद नेता ओमबीर ढाका ने कहा कि जनपद में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की एक सूची 21 जनवरी को उपमुख्यमंत्री को दी जाएगी। उन्होने कहा कि उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा कि जो अधिकारी एव कर्मचारी वेतन तो जनपद बागपत से लेते है और जनपद में चंद घण्टो के लिए ही आते है लेकिन रात्रि निवास जनपद में कभी नही करते है। उन्हेने कहा कि ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर तुरन्त रोक लगा कार्रवाई की जाए। बैठक में योगेन्द्र, जनमोहन, जितेन्द्र, राजकुमार, अंकुश, मोहित, सतेन्द्र, विरेन्द्र, यशवीर आदि मौजूद रहे।

## योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेः रंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने जनपद में भ्रमण के दूसरे दिन विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षिक व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा।



नोडल अधिकारी सबसे पहले खेकड़ा विकास खंड के सांकरौद गांव स्थित 50 शैय्या युक्त आयुष चिकित्सालय पहुंचे। यह चिकित्सालय आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से जनपद के लोगों को उपचार सुविधा प्रदान कर रहा है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। वार्ड, ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष और उपचार कक्ष व्यवस्थित दिखे। नोडल अधिकारी ने अस्पताल की स्टाफ सूची का अवलोकन किया। मौके पर सभी चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं सहायक कर्मचारी उपस्थित मिले। उपस्थिति और कार्य व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां केवल वैकल्पिक नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य की मजबूत रीढ़ हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध सभी मशीनें और चिकित्सा उपकरण क्रियाशील पाए गए। इसके बावजूद नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि किसी संसाधन, दवा या उपकरण की कमी हो तो शासन स्तर पर तत्काल पत्राचार कर उसे पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी इलाज में बाधा नहीं बननी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से आयुष चिकित्सालय के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में लोग आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की उपयोगिता से अनभिज्ञ हैं। विभागीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, शिविर, बैनर, पंपलेट और जनसंवाद के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक लोग इन पद्धतियों का लाभ उठा सकें। नोडल अधिकारी ने चिकित्सालय स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार सर्वोपरि रखा जाए।

## भारत विकास परिषद के तत्वाधान में एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर सोमवार को भारत विकास परिषद के तत्वाधान में एक ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को दिया गया।

ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया कि शहर के अंदर वेंकट हाल शादी विवाह के मंडपों में होने वाले विवाह शादी अन्य शुभ कार्यों पर रात के समय 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजने चाहिए। इन पर पूर्ण रूप से 10 बजे के बाद प्रतिबंध होना चाहिए। शोर शराबे की आवाज से शहर के लोग बेहद परेशान हो रहे हैं। सभी मंडपों में पुलिस प्रशासन नजर रखते हुए रात्रि में खुद जाकर भी कार्यवाही करें ताकि लोगों को राहत मिल सके एसडीएम भावना सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंडप के मालिकों को भी इस पर अपने मंडपों पर होर्डिंग लगाकर नियमों का पालन करना चाहिए। इस डीजे की ध्वनि से लोग बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं। अधि. कतर दिल के मरीजों पर इस ध्वनि का बहुत ज्यादा असर पड़ रहा है। लोग अधिकतर इस अधिक ध्वनि के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं। ज्ञापन देने वालों में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संतोष कुमार जैन एडवोकेट सचिव अतुल कुमार जैन नितिन कुमार जैन महिला संयोजिका विपीतय जैन जैन आदि मौजूद रहे।

## बिना ट्रांजिट पास खनिज परिवहन पर कार्रवाई, तीन वाहनों का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में अवैध खनन, बिना अनुमति खनिज परिवहन और राजस्व क्षति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में खनन विभाग द्वारा संचालित विशेष प्रवर्तन एवं निगरानी अभियान के तहत आज बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान आईएसटीपी/ट्रांजिट पास के बिना खनिज परिवहन करते हुए 03 वाहनों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।

खनन विभाग की टीम द्वारा की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित वाहन बिना आवश्यक वैध प्रपत्रों के खनिजों का परिवहन कर रहे थे, जो खनन अधिनियम एवं संबंधित नियमों का सीधा उल्लंघन है। विभाग ने त्वरित और कठोर कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों से कुल 1,64,100 रुपये की धनराशि जुर्माने के रूप में जमा कराई। बिना ट्रांजिट पास खनिज परिवहन से न केवल सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचती है, बल्कि अवैध खनन को भी अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिलता है। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि ओवरलोडिंग और अवैध खनिज परिवहन के कारण सड़कों की हालत खराब होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित होती है। इसी दृष्टि से जिले के प्रमुख मार्गों, हाईवे, अंतरजनपदीय सीमाओं और संवेदनशील क्षेत्रों में खनन विभाग द्वारा नियमित जांच, औचक निरीक्षण और मोबाइल प्रवर्तन दलों के माध्यम से सघन निगरानी की जा रही है।

## सभी प्राणियों में परमात्मा बनने की शक्तिः विमर्श सागर

**बडौत।** नगर के अजितनाथ सभागार में धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि संसार के समस्त प्राणियों के भीतर परमात्मा बनने की शक्ति विद्यमान है। इस बात को जैन दर्शन कृढ़ता से स्वीकार करता है। इसी तरह यह धर्म मानव को साक्षात हिसा से भी बचाता है ।साथ ही साथ चार गति से, चार कषायों से बचने के लिये मन को निर्मल करके, चार हाथ आगे की भूमि देखकर चलने की प्रेरणा देता है। नीचे देखकर चलने से वाह्य वस्तु कम दृष्टि गोचर होती हैं। इससे मन की आकांक्षा समाप्त होती है और मनुष्य स्वयं की सोचता है अन्य किसी से कोई आकांक्षा नहीं करता। आचार्य श्री ने कहा कि साधु त्रस एवं स्थावर जीवों की रक्षा एवं देव, गुरू, तीर्थ दर्शन, शास्त्र श्रवण व आहार चर्या हेतु ही चलते हैं। बिना प्रयोजन कहीं भी नहीं चलते हैं। रात्रि में नहीं चलते, वे दिन में भी उसी मार्ग पर चलते हैं जहाँ गाय आदि पशु वाहन या सूर्य का प्रकाश पड़ गया हो, अन्यथा वे नहीं चलते। उन्होंने कहा-साधु छोटे ग्राम में सात दिन, बड़े ग्राम में एक माह, दो माह तक और चार्तुमास तक रुक सकते हैं। इससे अधिक नहीं रुक सकते क्योंकि एक ग्राम में ज्यादा रुकने से मोह परिणाम जाग्रत होते हैं, जिस कारण धार्मिक क्रिया का हास होता हैं, जो योग को स्वीकार करता है फिर भी संसार में रह जाता है उसे उत्दृष्ट भोग सामग्री की प्राप्ति होती हैं।


**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या 172007000 में मेरे पिता का नाम ओमपाल गलत है शैक्षिक प्रमाण पत्रो में सही नाम ओमपाल सिंह है।
नवजीवन पुत्र ओमपाल सिंह गांव पौ. गूगांखेडी जनपद बागपत।


## बारहसिंगा पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के बिजवाड़ा गांव में आबादी के बीज एक बारह सिंघा हिरण पहुंच गए। बड़ौत बिजवाड़ा गांव में दुर्लभ वन्य जीव बारहसिंगा कुत्तों के हमले से बचने के लिए तालाब में घुस गया। जिसको ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर पहुंचे। अधिका. रियों व वन कर्मियों के सिपुर्द किया।



एक वन्य जीव बारहसिंगा पर बिजवाडा गांव के जंगल में आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। घायल हिरण किसी तरह बचकर आबादी में आ घुसा। वहां भी कुत्तों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। खुद को बचाने के प्रयास में बारहसिंगा पूर्वी छोर पर स्थित तालाब में घुस गया। जहां दलदल होने से वह धंस गया, जिसको कपिल, नितिन राममोहन शर्मा, जयपाल व राजपाल ने किसी तरह घायल अवस्था में तालाब से बाहर निकाला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी बड़ौत रेंजर सुनेंद्र सिंह, वन दरोगा सैक्शन अधिकारी उमेश कुमार व वन रक्षक संजीव कुमार घायल को अपने साथ संतनगर स्थित नर्सरी पर ले गए। फिलहाल संत नगर नर्सरी में घायल बारहसिंगा हिरण का उपचार किया जाएगा और उसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा कुत्तों का आतंक आए दिन बढ़ता जा रहा है बेसहारा पशुओं सहित कई लोगों पर भी हमला कर चुके हैं जिससे आए दिन समस्या उत्पन्न हो रही हैं।

## तकनीक का सही उपयोग बच्चों को भविष्य के लिए करता है तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने डिजिटल शिक्षा की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक का सही उपयोग बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करता है। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र का भी भ्रमण किया गया। वहां बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं, उपस्थिति रजिस्टर और गतिविधियों की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान मिड डे मील योजना की भी जांच की गई। मौके पर मेनू के अनुसार दाल-चावल तैयार मिला। नोडल अधिकारी ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील बच्चों के पोषण और उपस्थिति बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण क्रम में नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरूरपुर का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण, सफ़-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। इसके उपरांत सरूरपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां गोवंश के रखरखाव, चारा-पानी, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं की जांच की गई। नोडल अधिकारी ने कहा कि गौवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में नियमित देखरेख, पर्याप्त चारे की उपलब्धता और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि गोवंश सुरक्षित और स्वस्थ रह सके। निरीक्षण के अंत में नोडल अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाएं लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का माध्यम है। सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं सेवा भाव के साथ कार्य करें। विभाग से जुड़ी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करे, लाभार्थियों से फीडबैक ले, शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात करे सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## परमार्थ से बनेगा मानव जीवन सुखमयः सिद्धगुरु



**बिनौली।** जिवाना गुलियान के नीलकंठ आश्रम में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे पांच दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर नीलकंठ आश्रम पीठाधीश सिद्धगुरु महाराज ने श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए कहा कि परमात्मा रचने वाले हैं। वो आपकी जरूरतें अवश्य पूरी करते हैं। जीवन अच्छे कार्य परमार्थ करने के लिए मिला है। तप करने से राज प्राप्त होता है। जीवन में परमार्थ दूसरों की भलाई के कार्य करने से न केवल समाज में सकारात्मक बदलाव आता है, बल्कि यह व्यक्तिगत मानसिक शांति, खुशी और जीवन की सार्थकता का भी सबसे बड़ा माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ईश भक्ति कर गुरु के प्रति समर्पण भाव से ही आत्मबल बढ़ता है। गुरु कृपा से ही मनुष्य संसार रूपी भव सागर को पार कर सकता है। आयोजन के ब्रह्म आचार्य अमित शास्त्री व आचार्य अंकुर भारद्वाज ने भी वेदोपदेश दिया। आयोजन में दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने आहुति देकर मानव कल्याण की कामना की।

## प्रमुख सचिव ने किया कंपोजिट विद्यालय हिसावदा का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने कहा कि इलाज केवल दवा से नहीं बल्कि विश्वास और संवेदना से भी होता है। मरीजों को सही परामर्श, समय पर उपचार और स्पष्ट जानकारी देना आयुष विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की मंशा आयुष चिकित्सा पद्धतियों को केवल वैकल्पिक इलाज के रूप में नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य की मुख्यधारा के रूप में स्थापित करने की है। उन्होंने यह भी दोहराया कि सरकार का लक्ष्य है कि आयुष के माध्यम से न केवल इलाज उपलब्ध कराया जाए बल्कि निरोगी एवं स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में प्रदेश आगे बढ़े। इसके बाद



नोडल अधिकारी ने पिलाना विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय हिसावदा का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण किया और बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, समझ और रुचि के स्तर को जाना। मौके पर 224 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 189 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। नोडल अधिकारी ने उपस्थिति को संतोषजनक बताया, लेकिन शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय पहुंचे, यह शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सर्दी के दृष्टिगत जूते, मोजे, यूनिफॉर्म और पुस्तकों के बारे में जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने शिक्षकों से कहा कि कमजोर और पिछड़े विद्यार्थियों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पढ़ाई में पिछड़ रहे बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अभिभावकों से संवाद अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान नोडल अधिकारी ने स्वयं कक्षा में चॉक उठाकर बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला। वहीं जिलाधिकारी द्वारा शुरू किए गए जानो, खेलो और जीतो बोर्ड गेम को देखा जो यौन शिक्षा के प्रति जागरूक कर बच्चों को मजबूत और सजग बनाता है जिसे मौके पर ही बच्चों ने खेलकर दिखाया। विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया।


**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र शुभम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
अजय कुमार पुत्र नौरंग निवासी कस्बा रटौल थाना व तहसील खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मौ.दाउद से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
रहीसू पुत्र मुंनशी निवासी पट्टी धीमाना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# सेवा के जवान और उसके दोस्त को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

- मवाना मेरठ रोड पर स्प्रिंग डेज स्कूल के सामने हुआ हादसा
- बिजनौर जनपद के रुकनपुर गांव के रहने वाले थे मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना मवाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूकनपुर को शोक में डुबो दिया। गांव निवासी मोहित और शुभम आज सुबह मेरठ जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन मवाना पहुंचते ही गन्ना लदे ट्रक की चपेट में आकर दोनों की मौके पर ही जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, मोहित और शुभम बुलेट मोटरसाइकिल से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे मवाना-मेरठ रोड पर स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (गर्ल्स विंग) के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक को करीब 20 से 25 फीट तक घसीटा गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस।

सूचना पर थाना मवाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से मेरठ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मोहित और शुभम निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई।

बताया गया कि मृतक मोहित अविवाहित था और उसके छोटे भाई रोहित की शादी आगामी फरवरी माह में तय थी। इसी शादी की तैयारियों के सिलसिले में मोहित अपने दोस्त शुभम के साथ मेरठ जा रहा था। शुभम भारतीय सेना में जम्मू में तैनात था और छुट्टी पर गांव आया हुआ था। शुभम की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी, हालांकि उसका कोई बच्चा नहीं है। शुभम के बड़े भाई अंकित हरिद्वार में प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि पिता राजवीर गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं।

हादसे की खबर गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक और बुलेट मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



शुभम का फाइल फोटो।



मोहित का फाइल फोटो।

# चाइनीज मांझे का कहर: बाइक सवार युवक की उंगलियां कटीं

- प्रतिबंध के दावों की खुली पोल, आखिर कहां से आ रहा है जानलेवा मांझा?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर निवासी मुगीस एहसन खान अपने दोस्त महबूब के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ हापुड़ अड्डा स्थित युग हॉस्पिटल के सामने पहुंचे,सड़क पर फैले प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा इतना धारदार था कि मुगीस के हाथ की उंगलियां बुरी तरह कट गईं और मौके पर ही खून बहने लगा।हादसे के तुरंत बाद साथी महबूब ने सूझबूझ दिखाते हुए घायल मुगीस को युग हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी उंगलियों में 7 टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज न मिलता तो नुकसान और भी गंभीर हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही कैलाशपुरी चौकी प्रभारी सचिन कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से जानकारी ली। वहीं नौचंदी थाना अध्यक्ष इलम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



घटना की जानकारी लेती पुलिस

**पुलिस-प्रशासन पर बड़ा सवाल**

जब चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो फिर यह जानलेवा मांझा खुलेआम सड़कों पर कैसे बिछा मिल रहा है? क्या प्रशासन की सख्ती सिर्फ कागजों तक सीमित है?

आखिर कब रुकेगा चाइनीज मांझे का भण्डारण और यह लोगों की जान लेने का सिलसिला?

# आवारा पशुओं से दहशत, किसानों ने एसडीएम सरधना को सौंपा ज्ञापन

**सरधना।** क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं से किसानों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। आवारा पशुओं की वजह से किसान खेतों में काम करने से डर रहे हैं और कई बार जान बचाकर खेत छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर किसानों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी सरधना को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि महर्षि दयानंद विद्या कन्या गुरुकुल क्षेत्र से लेकर झटकरी, भमोरी और महादेव गांवों की सीमा तक आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है, जिससे किसानों और ग्रामीणों की जान को खतरा बना हुआ है।



किसानों के अनुसार, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई थी, जिस पर एक टीम मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति गंभीर होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। किसानों को वन विभाग की सहायता से गन द्वारा दवा डालकर आवारा पशुओं को पकड़ने की सलाह दी गई, लेकिन संसाधनों के अभाव में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। किसानों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण समस्या बनी हुई है और किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि समय रहते आवश्यक व्यवस्था कराकर आवारा पशुओं को पकड़वाया जाए और उन्हें गोशालाओं में भिजवाया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में अमित चौधरी छबड़िया, अभिलाष करनावल, गोलू करनावल, जगमाल पाल, अंसुल त्यागी, राजन कुमार, बंटी छबड़िया, सहनदर चौधरी, बीटू, संजीव कुमार, राजेंद्र कुमार, अतुल त्यागी, पप्पू चौधरी, मनीष, मनु, सचिन सोम, लकी, कपिल, श्रीपाल, सोनू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे पर पुलिस का सख्त एक्शन, विशेष अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हापुड़ अड्डा क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार युवक का हाथ कटने की गंभीर घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिका. रियों ने पूरे जनपद में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी कैंट नवीना शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान दुकानदारों को साफ चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद या भंडारण करना कानूनन अपराध है।पुलिस अधिका. रियों ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री या इस्तेमाल की सूचना मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की गई कि इस तरह की गतिविधियों की जानक. ारी तुरंत पुलिस को दें।अभियान के दौरान पुलिस ने आमजन को भी जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझा दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, वहीं यह पक्षियों और पर्यावरण के लिए भी बड़ा खतरा है। पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि जनसुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए चाइनीज मांझे के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## लोहिया नगर मंडी आढ़त एसोसिएशन को मिला नया अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहीया नगर मंडी आढ़त एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से अमित चौधरी को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। उनकी नियुक्ति पर मंडी के आढ़तियों और व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। अमित चौधरी के अध्यक्ष नियुक्त होने पर देवेंद्र त्यागी, विपिन गुर्जर आदि ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। अमित चौधरी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आढ़तियों की समस्याओं के समाधान और मंडी के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



# सरकारी प्रमाण पत्र देकर व्यापारियों को अवैध बताना बंद करे सरकार: लोकेश अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि जिन दुकानों को सरकार स्वयं कमर्शियल बिजली कनेक्शन, फूड लाइसेंस, माप तौल प्रमाण पत्र, जीएसटी पंजीकरण और एमएसएमई जैसे प्रमाण पत्र जारी करती है, उन्हीं दुकानदारों को आज अवैध बताकर नोटिस, सीलिंग और जुर्माने का शिकार बनाया जा रहा है। यह सीधा-सीधा व्यापारियों के साथ धोखा और विश्वासघात है। श्री लोकेश अग्रवाल आज हनुमान चौक स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आवासीय कॉलोनियों में संचालित छोटी दुकानों के साथ हो रहा उत्पीड़न सरकार की नीतिगत विफलता और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। श्री अग्रवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार तुरंत स्पष्ट करे कि जब वह कॉलोनियों में व्यवसाय को मान्यता नहीं देना चाहती तो फिर कमर्शियल बिजली कनेक्शन, फुल लाइसेंस, माप तोल विभाग प्रमाण पत्र, जीएसटी नंबर और एमएसएमई पंजीकरण किस आधार पर जारी किए जा रहे हैं? यह दोहरी नीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र ही आवासीय कॉलोनियों में संचालित छोटी दुकानों को नियमित करने का अध्यादेश जारी कर उत्पीड़न बंद नहीं करती, तो संगठन प्रदेश भर में सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा। इसके तहत बाजार बंदी, धरना प्रदर्शन और विधानसभा घेराव सहित बड़े स्तर पर व्यापारी संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छोटे व्यापारी भीख नहीं, अपना अधिकार मांग रहे हैं। सरकार को तय करना होगा कि वह व्यापार को प्रोत्साहित करना चाहती है या व्यापारी समाज को कुचलना। प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार त्यागी ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के संगठन को वर्तमान परिस्थितियों में और अधिक सशक्त, व्यापक एवं प्रभावशाली बनाने की नितांत आवश्यकता है। क्रांतिकारी समिति की बैठक में विजेंद्र पंसारी हापुड, प्रेमचंद गुप्ता गाजियाबाद, मनोज हाथरस, गौरव रोहिल्ला शामली, सुशील जैन मेरठ सिद्दीकी मेरठ आदि उपस्थित रहे।




## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया की करीब 6 माह पहले जानी थाने में दीपक कुमार पुत्र रत्न पाल निवासी भोला झाल ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था कि सरकारी नौकरी के नाम पर एक व्यक्ति ने उनसे लख रुपए की ठगी कर ली और फर्जी नियुक्ति पत्र देकर नौकरी लगवाने की बात कही लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया वहीं जांच पड़ताल के बाद मंगलवार को पुलिस ने संदीप पुत्र जगबीर सिंह निवासी खिलाफ परीक्षितगढ़ मेरठ को उसके घर से ही दबोच लिया और आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# भूमि विकास बैंक सरधना में चेयरमैन पद के लिए अशोक सिरोही का नामांकन

- सर्वसमाज की भारी मौजूदगी, निर्विरोध चुने जाना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को भूमि विकास बैंक शाखा सरधना में चेयरमैन पद के लिए श्री अशोक सिरोही (झिटकरी) ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान बैंक परिसर में सर्वसमाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। अशोक सिरोही इससे पूर्व वर्ष 2004 से 2020 तक भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रह चुके हैं। इसके साथ ही वे 1988 से 1995 तथा 2010 से 2015 तक झिटकरी ग्राम के प्रधान भी रह चुके हैं। उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और मजबूत जनसमर्थन को देखते हुए उन्हें एक सशक्त प्रत्याशी माना जा रहा है।



जानकारी के अनुसार चेयरमैन पद के लिए किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण अशोक सिरोही का निर्विरोध चेयरमैन बनना लगभग तय है।

नामांकन के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विमल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिंदरपाल सिंह, मदनपाल सिंह छबाड़िया, ठा. लाखन सिंह, ठा. विनोद, मैनेजर ठा. सोनू, भौरी प्रधान, नरेश मल्लापुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सोम, राहुल चौहान, हाजी इसाक, सुईल ईशाक कुरैशी, अश्वान सिरोठी, चेयरमैन अनुवीर, सह-चेयरमैन सहंसरपाल सिरोही, कुलदीप त्यागी, आलोक जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरधना विक्रम सिंह, नयागांव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घोसियान में नगर पालिका की नजूल भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, जेसीबी से ध्वस्तीकरण

- सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: ईओ दीपिका शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कस्बे के घोसियान मोहल्ले में बीआरसी परिसर के पीछे स्थित नगर पालिका की नजूल भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर कुछ देर के लिए विरोध की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में पालिका टीम ने अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया।







जानकारी के अनुसार, उक्त सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। कुछ दिन पूर्व भी यहां निर्माण किया गया था, जिसे नगर पालिका द्वारा हटवा दिया गया था। इसके बावजूद सोमवार को दोबारा दीवार खड़ी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल निर्माण रुकवा दिया।

मंगलवार को अशरफ गुर्जर सहित मोहल्ले के कई लोगों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अवैध कब्जे के खिलाफ ज्ञापन सौंपा और सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद नजूल लिपिक मनोज कुमार के नेतृत्व में पालिका की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे विरोध टिक नहीं पाया और कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। नगर पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी ने दोबारा पालिका की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने बताया कि नगर पालिका की संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना: शाहजहांपुर में 12 लाभार्थियों को मिली पहली किश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत कस्बा शाहजहांपुर में 12 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त की धनराशि स्थानांतरित कर दी गई है। पहली किस्त प्राप्त होते ही लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे हैं। वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहे लोगों को इससे बड़ी राहत मिली है।योजना के क्रियान्वयन में आई इस प्रगति का श्रेय नगर पंचायत शाहजहांपुर के चेयरमैन वसी उर्रहमान को दिया जा रहा है। उनके निरंतर प्रयासों और सक्रिय पहल से लंबे समय से प्रक्रियागत अड़चनों में फंसी फाइलों को गति मिली, जिससे पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंच सका। लाभार्थियों ने चेयरमैन सहित नगर पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहली किस्त मिलने से अब उनके आवास निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में ठोस कदम बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से आगे की किस्तें भी समय पर जारी किए जाने का भरोसा दिलाया गया है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय



भारतीय टीम का सांकेतिक फोटो

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक. ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइज़ी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाकी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

● **ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिग करना नामुम्. कन हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिंटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिंग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिंटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुईं, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिंटन प्लेयर

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं

● **बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा**




**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं।

आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गतिरोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे। आसिफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारी जगह (आगामी टी20 विश्व कप में) स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में झुकता है और अनुचित शर्तें लगाकर हम पर दबाव डालने की कोशिश करता है, तो हम उन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश

● **गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी - जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था - रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको. विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक. ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

### कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर



**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

# अनुभवी झांग शुआई पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीनी अनुभवी खिलाड़ी झांग शुआई मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिगल्स के पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गईं जबकि वांग शिन्यू ने क्वालिफायर एंहेलिना कलिनीना पर सीधे सेटों में जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली। चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रेस्टन ने किया एरिना में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 2-6, 6-3 से जीत हासिल करते हुए 26 विनर्स लगाए। 20 साल की प्रेस्टन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, यह बहुत अच्छा है, जिन्होंने इस महीने ब्रिस्बेन में झांग से मिली पिछली हार का बदला लिया। प्रेस्टन, जो ग्रैंड स्लैम में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत की तलाश में थीं, ने आक्रामक शुरुआत की और



● **चीनी खिलाड़ी झांग युआई पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई**

पहला सेट जीतने के लिए 12 विनर्स लगाए। 36 साल की झांग ने प्रेस्टन की सर्विस पर दबाव डालकर मैच को बराबर किया। दुनिया में 161वें नंबर पर मौजूद प्रेस्टन ने तीसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक लेकर वापसी की और जीत हासिल की। वह अब चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा से खेलेंगी। दुनिया में 46वें नंबर पर रैंक वाली वांग ने एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 6-3 से पहले राउंड का मैच जीता, जिसमें उन्होंने 10 ऐस लगाए। वांग दूसरे राउंड में पूर्व फेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको या रेबेक्का मकोवा से खेलेंगी। 24 साल की यह खिलाड़ी अभी तक किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई है। वांग इस महीने की शुरुआत में अपने करियर के दूसरे फाइनल में पहुंचने के बाद मेलबर्न पहुंचीं, जहां वह ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। उन्होंने मजबूत सर्विस और 11 विनर्स के साथ पहला सेट अपने कंट्रोल में रखा। कलिनीना, जो 2023 में करियर की सबसे ऊंची 25वीं रैंकिंग पर पहुंची थीं, ने दूसरे सेट में शुरुआती टक्कर दी, जबकि वांग ने अपनी बाईं बांह पर पट्टी बांधी हुई थी। इसके बाद वांग ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच खत्म कर दिया। इस बीच चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने इटली के लुका नारडी को हराकर पहली बार दूसरे राउंड में जगह बनाई। वू ने लगभग तीन घंटे में 7-5, 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करते हुए 45 विनर्स लगाए। 26 साल के वू का अगला मुकाबला एलियट स्पिज़्ज़िरी से होगा, जिन्होंने 28वीं सीड जोआओ फोन्सेका को हराया था। वू ने मेन ड्रॉ में पहुंचने के लिए तीन क्वालिफाइंग मैच जीते, यह 2023 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ में उनकी पहली उपस्थिति है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट

# वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा डबल्स से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस डबल्स कॉम्पिटिशन से पहले राउंड में हारकर बाहर हो गईं। इस जोड़ी को फांस की एल्सा जैक्वेमोट और कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो ने एक करीबी मुक. ाबले में 7-6 (3), 6-4 से हराया। शुरुआती सेट में दोनों टीमों के बीच एक-दूसरे पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके बाद जैक्वेमोट और अरांगो ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली। इसी मोमेंटम को बनाए रखते हुए, फेंको-कोलंबियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में कंट्रोल हासिल किया और विलियम्स और एलेक्जेंड्रोवा के जबरदस्त फाइटबैक के बावजूद, मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं।

# यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को चौंकाया

**नोएडा, वार्ता।** यूपी डोमिनेटर्स ने 4-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 7 में शानदार जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने अनास्तासिया अल्पीएवा और कप्तान सुजीत कलकल के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत शुरुआत की, लेकिन अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या गहलावत, कप्तान निशा दहिया और अंतिम मुकाबले में दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघल की शानदार कुश्ती ने मुक. ाबले का रुख पूरी तरह पलट दिया। तपस्या गहलावत को शानदार वापसी की शुरुआत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अनस्तासिया अल्पीएवा को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच सम्मान मिला। पोस्ट मैच प्रेस कांफ्रेंस में यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान निशा दहिया ने कहा कि आज का मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि मेरी प्रतिद्वंद्वी 62 किग्रा वर्ग की हालिया राष्ट्रीय चैंपियन हैं। मुकाबला बेहद करीबी रहा और मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपनी गलतियों पर काम करके और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। छोटी-मोटी चोटें इस खेल का हिस्सा हैं। टीम के तौर पर हम आने वाले मैचों में अपनी गलतियों को सुधारने और अपनी रणनीति पर टिके रहने पर ध्यान देंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए अच्छा दिन रहा और मैं सबसे ज्यादा अंक जुटाने में सफल रहा। मेरे प्रतिद्वंद्वी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में से एक थे, इसलिए जीत-हार खेल का हिस्सा है। अब हमारा पूरा ध्यान 27 तारीख को मुंबई के खिलाफ होने वाले मुक. ाबले पर है, जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में शुरुआती बढ़त बनाई, जहां वफाईपौर हादी बख्तियार ने प्रभावी पार टेरे कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मायखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। पहले पीरियड में बनाई गई बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा। 76 किग्रा महिला वर्ग में अनस्तासिया अल्पीएवा ने शुरुआती टैकडाउन गंवाने के बाद शानदार वापसी की और ओजो डामोला हन्ना को 11-2 से मात दी। मुकाबले के अंतिम चरण में उनके टैकडाउन और टर्न ने निर्णायक भूमिका निभाई। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली की लय बरकरार रही, जहां अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने धैर्यपूर्ण और अनुशासित कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अभिमन्यु मंडवाल को 3-0 से हराया और दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिलाई। यूपी को पहला अंक 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए मिला। अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और टीम को मुकाबले में वापस लाई। 65 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के कप्तान और अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विशाल काली रामन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुए दिल्ली की बढ़त 4-1 कर दी। मैच का टर्निंग पॉइंट 57 किग्रा पुरुष वर्ग में आया, जहां राहुल देशवाल ने शुरुआती पुश-आउट के बाद जोरदार वापसी करते हुए शुभम कौशिक को 8-5 से हराया और यूपी की उम्मीदें जिंदा रखीं। हेवीवेट मुकाबले में जसपूरन सिंह ने केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखते हुए रोनक को 3-1 से हराया और अंतर को एक अंक तक कम कर दिया। इसके बाद 62 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान निशा दहिया ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजली को 9-5 से

# रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

● **शानदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराया**

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया। हालांकि, जब दरवेश रसूली क्रीज पर इब्राहिम के साथ जुड़े, तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने कुछ खराब गेंदबाजी का फायदा उठाया और पावरप्ले के अंत तक अफगानिस्तान को 53/2 तक पहुंचाया। आठवां ओवर छक्के के साथ शुरू हुआ और खत्म हुआ, जिससे दोनों ने अपनी 50 रन की साझेदारी पूरी की। हमला जारी रहा और वेस्टइंडीज के पास कोई जवाब नहीं था। इब्राहिम और रसूली दोनों ने लगातार ओवरों में अर्द्धशतक बनाए और पारी आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। वेस्टइंडीज ने एक ओवर के अंदर कुल तीन कैच छोड़े और 162 रन की साझेदारी को खत्म करने में कामयाब रहा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**



जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस


इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।


# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति

■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर



और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना




■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है
■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ ज़मीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

## बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन

**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते

हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराई

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव



■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।

